राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 34 अंक 22
वृहस्पतिवार, 02 मई, 2024

तापमान
अधिकतम 41°C | न्यूनतम 23°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

अमृत वाणी

ईश्वर यह अपेक्षा नहीं करते कि हम सफल हो वे तो केवल इतना ही चाहते हैं कि हम प्रयास करें।

राष्ट्रपति मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन

सरयू नदी में दूध चढ़ाया व हनुमानगढ़ी के दर्शन किए

अयोध्या, 1 मई। लोकसभा चुनाव के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को पहली बार अयोध्या पहुंचीं। शाम करीब 7 बजे उन्होंने रामलला के दर्शन किए। इससे पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन किए। फिर सरयू आरती में शामिल हुईं। सरयू तट पर उनके स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया। वैदिक मंत्रों से राष्ट्रपति का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से अयोध्या धाम तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया। वहां से उनका काफिला हनुमानगढ़ी पहुंचा। हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद वह सरयू गेस्ट हाउस गईं। डिनर करने के बाद दिल्ली रवाना हो गईं।

सरयू तट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। NDRF की टीम लगाई गई थी। लता चौक से घाट पर आने वाले पैदल यात्रियों को भी रोक दिया गया था। राष्ट्रपति के आने से ठीक पहले गांधी आश्रम के पास सफाई की गई। राष्ट्रपति सरयू गेस्ट हाउस में डिनर किया, इसमें मल्टीग्रेन की रोटी, गाय का घी, आलू और पनीर का पराठा शामिल रहा। डिनर में राष्ट्रपति-राज्यपाल समेत 20 लोग शामिल हुए। उत्तर प्रदेश पर्यटन निगम को इसकी जिम्मेदारी मिली थी। राष्ट्रपति के आगमन पर खुफिया एजेंसियां से लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। IG प्रवीण कुमार ने बताया-जिन रास्तों से राष्ट्रपति का काफिला आएगा, उन रास्तों पर जवानों को तैनात किया गया था। पुलिस के अलावा CRPF, RAF, ATS और PAC के जवान भी शामिल थे। सादी वर्दी में भी जवानों को लगाया गया था। सर्विलांस और इलेक्ट्रानिक उपकरणों का भी सहारा लिया जा रहा है। मंगलवार शाम को राष्ट्रपति के मार्ग में पड़ने वाले सभी होटल, धर्मशालाओं, लॉज की तलाशी ली गई थी। गेस्ट की लिस्ट चेक की गई थी। साथ ही कुछ यात्रियों से पूछताछ भी की गई थी। राष्ट्रपति के लिए महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर ग्रीन रूम और डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में सेफ हाउस बनाया गया था। नया घाट पर सिंचाई विभाग का गेस्ट हाउस रिजर्व रहा। राम जन्मभूमि में भी राष्ट्रपति के लिए ग्रीन हाउस की व्यवस्था की गई थी।

दो फेज की वोटिंग का सटीक आंकड़ा जारी

विपक्ष ने चुनाव आयोग पर उठाये सवाल

दिल्ली, 1 मई। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा पहले दो चरणों के अंतिम मतदान प्रतिशत जारी करने के एक दिन बाद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि चुनाव आयोग के नवीनतम आंकड़ों में मतदान प्रतिशत में अचानक उछाल चिंताजनक है। बंगाल के फरक्का में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा नतीजों में हेरफेर की आशंका है क्योंकि कई ईवीएम गायब हैं। यह चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा सात चरण के लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों के लिए अंतिम मतदाता मतदान डेटा जारी करने के बाद आया है, जिसमें दोनों चरणों में 66 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पहले चरण के बाद 11 दिन और दूसरे चरण के बाद 4 दिन की पूरी तरह से अस्वीकार्य देरी के बाद चुनाव आयोग ने अंततः मतदान प्रतिशत का डेटा जारी किया। लेकिन, आयोग द्वारा रिलीज़ किए गए ताज़ा डेटा में दो मुद्दे सामने आए हैं। हर लोकसभा में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या और उन लोकसभा क्षेत्रों में आने वाली विधानसभा क्षेत्रों को आयोग द्वारा मतदान के डेटा के साथ जारी नहीं किया गया है, जैसा कि आमतौर पर किया जाता है। न केवल वोट प्रतिशत बल्कि वोटों की संख्या का विवरण - जैसा कि आम तौर पर चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है - अभी तक उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह का डेटा समय के साथ तुलना के लिए आवश्यक होते हैं। मतदान के आंकड़ों को एक ही प्रारूप में जारी करने में आयोग की विफलता इस मूल उद्देश्य के ख़िलाफ़ है। बस यही उम्मीद की जा सकती है कि ऐसे डेटा के जरिए राजनीतिक खेल नहीं खेले जा रहे हों। पिछले मतदान आंकड़ों की तुलना में, चुनाव निकाय द्वारा जारी अंतिम मतदाता मतदान डेटा में 3-4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)और तृणमूल कांग्रेस ने 19 अप्रैल को पहले दौर के मतदान के 11 दिन बाद लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों के लिए अंतिम मतदान प्रतिशत के आंकड़ों की घोषणा करने और इसमें इतनी लंबी देरी को लेकर मंगलवार को निर्वाचन आयोग से सवाल किया। आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण (19 अप्रैल) में मतदान के लिए पात्र लोगों में से 66.14 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि दूसरे चरण (26 अप्रैल) के लिए आंकड़े 66.71 प्रतिशत थे। मतदान के पहले चरण में, पोल पैनल ने कहा कि पुरुष मतदान 66.22 प्रतिशत, महिला (66.07 प्रतिशत) और तीसरे लिंग (31.32 प्रतिशत) और कुल मतदान 66.14 प्रतिशत था, जबकि संबंधित आंकड़े दूसरे चरण में 66.99 प्रतिशत, 66.42 प्रतिशत और 23.86 प्रतिशत थे। चुनाव आयोग ने दोनों चरणों के मतदान के लिए राज्य-वार और संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदाता आंकड़े भी जारी किए हैं। पोल पैनल ने कहा कि डेटा को वोटर टर्नआउट ऐप पर भी नियमित रूप से अपडेट किया जाता है, जैसा कि रिटर्निंग ऑफिसर्स द्वारा फॉर्म 17सी के माध्यम से आईटी सिस्टम में अपडेट किया जाता है।

उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म, आचार्य और सेवादार के खिलाफ एफआईआर

उज्जैन,1 मई। उज्जैन के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों के यौन शोषण का आरोप लगा है। दोनों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे FIR दर्ज की गई। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया। सेवादार फरार है। शहर के बड़नगर रोड स्थित दंडी आश्रम 30 साल पुराना है। यहां तीन किशोरों का यौन शोषण होने की जानकारी सामने आई। इस पर पेरेंट्स ने मंगलवार शाम को बैठक की। इस बैठक में पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। आश्रम संचालक गजानंद सरस्वती ने बताया कि चैत्र की नवरात्र के समय कुछ पेरेंट्स ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। शिकायत करने वाले बच्चे एक के बाद एक सामने आने लगे। इसके बाद पेरेंट्स ने वॉट्सऐप पर ग्रुप बनाकर 30 अप्रैल को सभी से आश्रम आने को कहा। मंगलवार को हुई बैठक में 20 से अधिक बच्चों के पेरेंट्स आए थे। इनके बच्चों ने सेवादार अजय की शिकायत की थी। बैठक में एक-एककर बच्चों को बुलाकर अजय के बारे में जानकारी ली, लेकिन इसी दौरान एक बच्चे ने रोते हुए आचार्य राहुल शर्मा का नाम भी लिया। इसके बाद बच्चों के माता-पिता और भड़क गए। राजगढ़, मंदसौर और देवास जिले के किशोरों ने पुलिस को बताया कि पिछले कई दिन से अजय ठाकुर और राहुल शर्मा उनका यौन शोषण कर रहे थे। दोनों उन्हें अपने कमरे में बुलाते थे। एडिशनल एसपी जयंत राठौर ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। अजय फरार है। आश्रम में 5वीं से 12वीं तक के 80 बच्चे हैं। सभी आश्रम में रहकर संस्कृत, कर्मकांड, ज्योतिष, संगीत और वेद का अध्ययन करते हैं। पीड़ित बच्चों की उम्र 11 से 15 साल तक है।

तरुणमित्र कार्यालय अब बड़ी देवकाली मंदिर के बगल में

विज्ञापनदाताओं, पाठकों एवं शुभचिन्तकों को सूचित किया जाता है कि अब तरूणमित्र सम्पादकीय कार्यालय नियावां से हटकर अपने निजी भवन बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड के पास संचालित हो रहा है।

सम्पर्क सूत्र-9451922445

घर के बाहर घर जैसा आराम
होटल वैशाली

मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087

कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरु, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

सुप्रीम कोर्ट में कोवीशील्ड की जांच के लिए याचिका दाखिल

नई दिल्ली, 1 मई। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कोरोना वैक्सीन कोवीशील्ड की जांच के लिए एक याचिका दाखिल की गई। इसमें कहा गया है कि कोवीशील्ड के साइड इफेक्ट्स की जांच करने के लिए एक्सपर्ट पैनल बनाने का निर्देश जारी किया जाए। याचिका एडवोकेट विशाल तिवारी ने लगाई है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगाने के बाद किसी को नुकसान पहुंचा तो उन्हें हर्जाना देने का सिस्टम बनाया जाए। भारत में सबसे पहली कोरोना वैक्सीन कोवीशील्ड है। इसे पुणे की सीरम इंस्टीट्यूट ने बनाया है। कोवीशील्ड फॉर्मूला ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका से लिया गया है। एस्ट्रेजेनेका ने अब ब्रिटिश अदालत में माना है कि उनकी वैक्सीन के गंभीर साइड इफेक्ट्स हैं। कहा- कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी TTS हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। हालांकि ऐसे केसेस बेहद दुर्लभ हैं। इसके बाद भारत में कोवीशील्ड की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई। वजह- कोवीशील्ड भी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले पर बनी है।

ADMISSION STARTED
2024-25
Std. 6th TO Std. 12th
UP BOARD & CBSE BOARD
with Foundation Classes By Experienced Teachers
HINDI & ENGLISH MEDIUM
NEET, IIT, JEE
NEW ADARSH CLASSES
RAGHAVENDRA NAGAR
BADI DEOKALI, AYODHYA
7275441835, 7007265048

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
(M.B.B.S.,D.G.O.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
(M.B.B.S., M.D.)
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
(M.B.B.S., D.T.C.D.), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी (C.M.O) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी (D.T.O.) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक (J.D.) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ (रजि. नं.- 29775)

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

एसजी पीजीआई के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांची नौनिहालों की सेहत

मेडिकल कालेज में उम्मीद परियोजना के तहत आयोजित हुई कार्यशाला

बहराइच। जन्म लेने वाले एक हजार बच्चों में एक बच्चे को जन्मजात थायराइड की कमी हो सकती है। समय से इलाज न होने पर यह स्थाई दिव्यांगता का रूप ले सकती है । इसमें मंद बुद्धि या गंभीर बीमारी शामिल है। इससे बचने के लिए जन्म के बाद तीसरे दिन तक सभी नवजात की जन्मजात थायराइड की जांच अवश्य कराना चाहिए।

यह बाते मेडिकल कालेज बहराइच में आयोजित एक कार्यशाला में एसजीपीजीआई लखनऊ के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 शुभा फड़के ने कही। उन्होंने बताया अनुवांशिक बीमारियों की रोकथाम के लिए पिछले पांच वर्षों से जनपद बहराइच और श्रावस्ती में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा फंडिंग उम्मीद परियोजना चलाई जा रही थी। इस दौरान मुख्य पांच अनुवांशिक बीमारियों के लिए 12 हजार बच्चों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 12 बच्चे जन्मजात थायराइड की कमी वाले चिन्हित

किए गए। सभी की हर तीन माह पर जांच और इलाज एसजीपीजीआई लखनऊ से नि:शुल्क किया जा रहा था। प्रोजेक्ट का समय पूरा हो जाने पर सभी विवरण सहित बच्चों को आगे की जांच और इलाज के लिए मेडिकल कालेज बहराइच को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा जन्मजात थायराइड की कमी हिमालय की तलहटी में बसे जनपदों में ज्यादा पाया जाता है। इसीलिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इन जिलों को चिन्हित किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम में आए सभी 12 बच्चों के अविभावकों से बच्चों की सेहत के बारे जानकारी ली गई और उन्हें चिकित्सकों ने इलाज और जांच के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

डॉ शुभा ने बताया अनुवांशिक बीमारी में जन्म के समय स्वस्थ दिखाई देने वाले शिशु में थैलेसीमिया, हीमोफीलिया व मंदबुद्धि जैसी कई जटिलताएँ हो सकती हैं। इसके लिए जन्में सभी नवजात की 24 घंटे के अंदर जांच व समय से इलाज करके कुछ बीमारियों के दुष्परिणामों से उन्हे बचाया जा सकता है। डिप्टी सीएमओ डा0 संजय सोलंकी ने बताया कि आनुवांशिक बीमारियाँ माता अथवा पिता या दोनों से बच्चे को मिल सकती हैं। हालांकि इसमें उनका कोई दोष नहीं होता। इसके लिए गर्भवती अथवा गर्भ धारण करने से पूर्व माता पिता की जांच कर बीमारी का पता लगाया जा सकता है। इसके साथ ही जिनके परिवार में आनुवांशिक दोष का इतिहास रहा हो उन्हे बच्चे की प्लानिंग से पहले जांच अवश्य करानी चाहिए। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा0 संजय खत्री, एसजीपीजीआई मेडिकल जेनेटिक्स विभाग से डा0 अमिता मोइरांगथेम, एसएनसीयू इंचार्ज डा0 असद अली, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 रिचा यादव, डा0 ध्रुव, ड0 विपुल अग्रवाल, डीईआईसी मैनेजर गोविंद रावत, आरकेएसके जिला सलाहकार राकेश गुप्ता, बृजेश पाठक, उम्मीद परियोजना से कपिल यादव दिलीप तिवारी, अजीत, सरिता, गायत्री किरन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत दौरान चेकिंग 2,48,680/- नगद बरामद

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 दृष्टिगत प्रभावी आदर्श आचार संहिता के दौरान सुचिता पूर्ण निर्वाचन संपन्न कराए जाने के दृष्टगत क्षेत्राधिकारी पयागपुर हीरालाल कन्नौजिया के निर्देशन में 01.05.2024 को समय करीब 09.15 बजे प्रात: इकौना - पयागपुर मार्ग पर ग्राम बिलरवा के पास बैरियर लगाकर FST टीम व थानाध्यक्ष पयागपुर मय फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से किए जा रहे चेकिंग के दौरान मारुति डिजायर वाहन संख्या UP32 MA 4915 वाहन स्वामी मसूद आलम पुत्र रसूल बख्श नईमी निवासी थाना इकौना जिला श्रावस्ती व चालक रिजवान सिद्दीकी पुत्र मन्नू निवासी इकौना जनपद श्रावस्ती के पास से 2,48,680/- नगद बरामद किया गया। कोई वैध प्रपत्र प्रस्तुत न किए जाने पर, बरामद नकद राशि को सीज कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। बरामदगी टीम में अजय कुमार सिंह (मजिस्ट्रेट), कमल शंकर चतुर्वेदी थानाध्यक्ष पयागपुर, उ0नि0 रुदल बहादुर सिंह (FST टीम), हे0का0 सदानन्द सिंह (FST टीम), हे0का0 कृष्ण चन्द्र सिंह, का0 आशुतोष कुमार (FST टीम) व का0 ओम प्रकाश यादव शामिल रहे।

खराब पड़ा है इंडिया मार्का हैंड पंप, पानी की समस्या से जूझ रहे लोग

सिद्धौर, बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत छतौनी आंगन वाड़ी केंद्र पर लगा इंडिया मार्का हैंड पंप खराब है। वही पेयजल सुविधा हेतु लगवाई गयी टोटी भी काफी दिनों से टूटी फूटी पड़ी है। खास बात यह कि इस गर्मी के मौसम में भी उक्त नल को ठीक कराए, जाने के प्रति जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। जब कि खराब उक्त नल कि वजह से काफी दिनों से लोग पानी की समस्या से परेशान है।

अधिवक्ताओं से संपर्क कर मांगा जनसमर्थन

बहराइच। जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ अरविंद सिंह सेंगर के नेतृत्व में जिला बार एसोसिएशन दीवानी कचहरी व कलेक्ट्रेट परिसर में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं से संपर्क करके भारतीय जनता पार्टी के चुनांव चिन्ह कमल फूल के समर्थन में मतदान करने का निवेदन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी आनंद गोंड़,जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नाथ शुक्ल,जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्र, कल्याण सिंह, संतोष सिंह, व प्रमोद पांडे सहित कई लोग उपस्थित रहे जिनके द्वारा अधिक संख्या में अधिवक्ता गणों का समर्थन मिलने की बात बताई गई।

ग्राम पंचायतों में मनाया गया श्रमिक दिवस लोगों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

सिद्धौर, बाराबंकी। विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर बुधवार को सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में श्रमिक दिवस मनाया गया। तथा आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

सिद्धौर खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह, डीसी मनरेगा बृजेश त्रिपाठी आदि की मौजूदगी में ग्राम पंचायत बीबीपुर में ग्राम पंचायत सचिव पुनीत कुमार , प्रधान फूल मती, भिटौरा लखन में ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, प्रधान अरविंद कुमार आदि की उपस्थिति में श्रमिक दिवस मनाया गया।

भिटौरा लखन में मानव श्रंखला बनाकर लोगों को आगामी 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। छतौनी में खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह, डीसी मनरेगा बृजेश त्रिपाठी ने पंचायत भवन परिसर में श्रमिक दिवस के अवसर पर पौध रोपण किया। तथा मेंहदी, रस्साकशी, दौड़ आदि कि आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं व मनरेगा में सौ दिन पूरा करने वाले श्रमिकों को खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह व डीसी मनरेगा बृजेश त्रिपाठी द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप टिफिन बॉक्स दिया गया। इस अवसर पर लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, एडीओ आई एस बी राधेश्याम, एडीओ कृषि राजेंद्र चौरसिया ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सचिव वरुण पाल, हरी राम, सचिन अवस्थी, पुष्पेंद्र कुमार, दीपक कुमार, रेखा चौधरी, संजय चौधरी, ग्राम प्रधान चंद्रशेखर वर्मा नंदलाल, मोहसीन, विनोद , आरपी राणा , मनीष आदि मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने की मतदाता जागरूकता गीत मेरा गोण्डा, मेरी शान की लॉचिंग

गोण्डा। जनपद में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा निरंतर प्रयास कर रही हैं। इसी कड़ी में जनपद में एक अनूठी पहल की है। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र के द्वारा जनपद स्तर पर तैयार किया गया मतदाता जागरूकता गीत मेरा गोण्डा, मेरी शान.... लॉच किया गया। इस गीत को अवध रत्न से सम्मानित लोकगायक शेनदत्त सिंह ने अपनी आवाज दी है। गीत कबीर का है और प्रकाश सोनी ने संगीत दिया है। इस गीत के माध्यम से जनपदवासियों को आगामी 20 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया है।

मंडलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में इसकी लॉचिंग की गई जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि लोकगायक शेनदत्त सिंह जनपद गोण्डा के छपिया ब्लॉक के निवासी है। स्थानीय कलाकार के गीत के माध्यम से जनपदवासियों को जोड़कर मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु जनपद में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार एक मई से जनपद में ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इन ई-रिक्शाओं में मेरा गोण्डा मेरी शान गीत बजाकर मतदाताओं को आगामी 20 मई को मतदात अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जनपद के नगरीय निकायों और रोडवेज के वाहनों में भी इस गीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जाएगा।

मंडलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र ने इस अवसर पर जनपद के मतदाताओं से 20 मई को आगे आने और अपना मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को अवकाश न मानें। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में हर एक वोट की अहमियत होता। अपने वोट की ताकत को समझें और मतदान अवश्य करे जनपद में स्वीप के प्रभारी मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने मई माह में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर बुधवार को विकासखण्ड, तहसील एवं जनपद स्तर पर श्रमिकों के साथ संवाद का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह, 03 मई को प्रेस फ्रीडम डे पर प्रशासन एकादश एवं मीडिया एकादश के मध्य सायंकाल में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। 04 मई को अंतरराष्ट्रीय फायर फायटर्स डे पर जिला अग्निशमन अधिकारी गोण्डा के स्तर पर , 05 मई को विश्व हास्य दिवस पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के स्तर पर, 07 मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस पर जिला युवा कल्याण अधिकारी के स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनके अतिरिक्त 08 मई को रेड क्रॉस डे, 11 मई को राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी दिवस, 12 मई को नर्सेज डे और 15 मई को विश्व परिवार दिवसर पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 15 मई को किसान समारोह करके किसानों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम का मंच संचालन परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर ने किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, अपर जिलाधिकारी चन्द्र शेखर, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा अवनीश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी करनैलगंज भारत भार्गव, उपजिलाधिकारी तरबगंज विशाल कुमार, उपजिलाधिकारी मनकापुर यशवंत राव, अपर उपजिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, अपर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सहित सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

11 मई को होगा दीपोत्सव

जनपद की मातृ शक्ति को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ने के उद्देश्य से दीपोत्सव का आयोजन करने का फैसला लिया गया है। आगामी 12 मई को मदर्स डे के अवसर पर करनैलगंज क्षेत्र में सरयू घाट पर इस दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आगामी 12 मई को सरयू घाट पर दीपोत्सव गोधूलि बेला में प्रारंभ होगा। स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से 1100 दीपों की व्यवस्था कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति के अतिरिक्त विकासखण्ड करनैलगंज, हलधरमऊ, कटराबाजार के निकटवर्ती ग्रामों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, युवक मंगल दल के सदस्यों, स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। लोकगायक शेनदत्त सिंह के बारे में भोजपुरी जगत के सितारे लोकगायक शेन दत्त सिंह गोण्डा जनपद के छपिया, बखरौली ग्रामसभा के मदनापुर कस्बे के रहने वाले हैं। उन्हें नेपाल सरकार द्वारा गुरुकुल रत्न, अवध रत्न, जैसे सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। वह करीब 15 साल से भोजपुरी और अवधी लोकगीतों को अपनी आवाज दे रहे हैं।

ईवीएम का द्वितीय रैण्डमाईज़ेशन सम्पन्न

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में जिलाधिकारी मोनिका रानी व सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में 56-बहराइच (आ ज.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों 282-बलहा, 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी व 286-बहराइच के बूथवार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइज़ेशन का कार्य सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा अश्वनी पाण्डेय, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, प्रभारी ईवीएम कमला शंकर, सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी, भाजपा से बैजनाथ रस्तोगी, सपा से चन्द्रकांत, बसपा से धमेन्द्र कुमार, भारतीय आवाम पार्टी (राष्ट्रीय) राजेन्द्र सिंह, राष्ट्र धारक दल के रोशन लाल नाविक, निर्दलीय प्रत्याशी जगराम, जर्नादन गोंड व रमेश बाल्मीकी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूक चौपाल का हुआ आयोजन

बहराइच में 13 मई व कैसरगंज लोकसभा के लिए 20 मई को होगा मतदान

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई 2024 तथा 57-कैसरगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से केडीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट,बेड़नापुर में मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट के बीएड,डी. फार्मा, एलएलबी के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान पीजी कॉलेज के प्रबंध तंत्र सचिव डॉ. एस. पी. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला कार्यवाह आरएसएस भूपेंद्र सिंह,खण्ड संघ चालक तेजवापुर महेन्द्र मिश्रा रहे।चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. एस. पी.सिंह ने बीते दो चरणों मे गिरते मतदान प्रतिशत पर गहरी चिंता जताई।उन्होंने कहा हम लोगो के पास अभी भी अवसर है आगामी 13 मई व 20 मई को घर से बाहर निकलकर शत प्रतिशत मतदान में योगदान करें।जनपद में मतदान प्रतिशत को शत प्रतिशत करना है

स्वयं के साथ आस-पड़ोस, समाज व परिवार के लोगो को मतदान के लिए जागरूक करना है। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह ने छात्रों से अपील की कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी है।हम सभी के पास वोट की ताकत है।एक वोट देकर व सभी से दिलवाकर इस पर्व में आहुति अवश्य डाले।उपस्थित छात्रों व शिक्षकों ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली एवं मतदान में बढ़ चढ़कर सहभागिता करने के लिए आश्वस्त किया।इस दौरान फार्मेसी प्राचार्य कमल पाठक,बीएड विभागाध्यक्ष सचिन श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक शिवा जी अवस्थी,शिक्षक मानस पाण्डेय,रामेंद्र मणि, प्रमोद श्रीवास्तव, विवेक बाजपेयी, श्याम जी त्रिपाठी, संजीव मिश्र सहित बीएड, डीफार्मा व एलएलबी के सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पक्षियों को लेकर लोग जागरूक हों और अभियान में अपना सहयोग दें : उषा यादव

बाराबंकी। भयंकर गर्मी के मौसम में मानव हो पशु-पक्षियों सभी को पानी की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो विभिन्न स्थानों पर प्याऊ व नल के साथ-साथ अन्य व्यवस्था भी रहती है लेकिन पक्षियों को पानी पीने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में ''पानी पिलाओ परिंदा बचाओ'' नेशलन कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से ''निमदस'' संस्था द्वारा शहर से लेकर गांवों तक जाकर पेड़ों पर मिट्टी के बर्तन में परिंदों के लिए दाना-पानी रखा जाता है. इसी मुहिम के तहत आज सूचना कार्यालय के परिसर में लगे पेडों में पानी भरकर टांगा गया। संस्था के प्रबन्ध निदेशक एसके वर्मा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य है कि गर्मी की वजह से किसी भी पक्षी की भूख-प्यास से मौत न हो लोगों से अपील है कि वे पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें, ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पक्षियों को राहत मिल सके। समाज सेविका उषा यादव ने कहा संस्था का प्रयास है कि पक्षियों को लेकर लोग जागरूक हों और इस अभियान में अपना सहयोग दें, जिससे प्यास बुझाने के लिए पक्षियों को पानी मिल सके। इससे न केवल पक्षियों की प्यास बुझाने से पुण्य मिलेगा बल्कि पर्यावरण सहेजने में भी सहयोग होगा । प्रकृति और पर्यावरण संतुलन में पशु-पक्षियों को बहुत बड़ा महत्व है, इसलिए हमें गर्मियों में पक्षियों का जीवन बचाने के लिए अपने घरों की छत व बरामदा, आंगन में उनके लिए दाना-पानी रखना चाहिए। संस्था द्वारा चलाई जा रही %पानी पिलाओ परिंदा बचाओ% मुहिम सराहनीय है। लोगों को मुहिम से जुड़कर पक्षियों की जिदगी बचाने के लिए छतों पर दाना-पानी जरूर रखें। इस अवसर पर अम्ब्रिका प्रसाद, राम समुझ आदि उपस्थित थे।

राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है श्रमिक : समाजसेविका नेहा मौर्या

बाराबंकी। दुनियाभर में पहली मई को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 1886 में अमेरिका से हुई थी। इस दिन को मई दिवस, कामगार दिवस, श्रम दिवस और श्रमिक दिवस जैसे नामों से भी जाना जाता है। इस दिन लाखों मजदूरों ने आठ घंटे को लेकर देशव्यापी हड़ताल किया था। अमेरिकी मजदूरों के हड़ताल के बाद से साल 1889 में पेरिस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महासभा की एक बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव के पारित होते ही अमेरिका में सिर्फ 8 घंटे काम करने की इजाजत दे दी गई थी। भारत में पहली बार मजदूर दिवस आधिकारिक रूप से पहली मई 1923 को मनाया गया। वर्ष 2023 में सकारात्मक सुरक्षा और हेल्थ कल्चर के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करना है। जी हां बताते चलें कि हर साल की तरह 2024 में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की थीम जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य

और सुरक्षा को सुनिश्चित करना। विनोद यादव ने बताया कि श्रमिक विपरीत परिस्थितियों में श्रम के माध्यम से अपनी पहचान बनाता है, वह श्रमिक ही है, जो सुई से लेकर जहाज तक बनाता है, झोपड़ी से लेकर बेशकीमती इमारतें महल, विधान भवन और संसद भी बनाता है, गांव की चकरोड से लेकर एक्सप्रेस वे एवं हाईवे भी बनाता है, यानी श्रमिक सृजनहार है, निर्माता है और विश्व का भाग्य विधाता भी है। श्रमिक समाज व श्रम शक्ति को कोटिश: नमन करता हूँ। चित्रकार व कवि ध्यान सिंह चिंतन ने कहा कि वक्त के हाथ बेबस है मजबूर है, बीवी बच्चों से अपने बहुत दूर है, रीढ़ की हड्डी है, राष्ट्र निर्माण की, उसकी पहचान बस एक मजदूर है। राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले सभी निर्माण श्रमिकों को बहुत बहुत बधाई। उक्त बातें समाजसेविका नेहा मौर्या ने कही।

पुलिस की संयुक्त टीम ने पांच शातिर चोरों को किया गिरफ्तार सोने व चांदी के आभूषण बरामद

बाराबंकी। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ0 बीनू सिंह के पर्यवेक्षण में स्वाट/सर्विलांस व थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. अनिकेत उर्फ छोटू लोनिया पुत्र पिंकू चौहान निवासी नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर 2. सोनू लोनिया पुत्र कामता लोनिया निवासी ग्वारी मजरे

लोनियन पुरवां थाना थानगांव जनपद सीतापुर 3. नितिन त्यागी पुत्र जगन्नाथ कोरी निवासी संसारा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी 4. मिथलेश लोनिया उर्फ मुसउ पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी मधवापुर थाना रेवसा जनपद सीतापुर 5. पिन्कू पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को कसियापुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से भारी मात्रा में सोने व चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन, 01 अदद स्वराज ट्रैक्टर, 01 अदद फोर्ड फीगो कार क्क 32 स्नष्ट 4907, 01 अदद मोटरसाइकिल बजाज सिटी हण्ड्रेड क्क34,ष्ठ 6577 व 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा .315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त सोनू लोनिया उपरोक्त के कब्जे से बरामद तमंचा के आधार पर मु0अ0सं0 339/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में चोरी की घटना कारित करते हैं। अभियुक्तगण ट्रैक्टर से किसान की तरह गांव में जाते हैं जिससे कोई शक न करे तथा मोटर साइकिल से रेकी कर घर को चिन्हित करके चोरी किए गए सामान को कार व ट्रैक्टर में रखकर ले जाते हैं तथा चोरी किए सामान को सस्ते दामों पर बेंचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं तथा शौक पूरे करते हैं।

अभियुक्तगण द्वारा जनपद बाराबंकी के थाना फतेहपुर, हैदरगढ़, जहांगीराबाद, टिकैतनगर, रामनगर,मोहम्मदपुर खाला क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न गांवों में नकदी व जेवरात चोरी किए गए थे तथा जनपद अयोध्या के थाना मवई क्षेत्र में भी चोरी की घटना कारित करना प्रकाश में आया है। प्रकाश में आए अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है एवं अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी की जा रही है। 1. पप्पू गौतम पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी छोटी ग्वारी चमरिया थाना थानगांव जनपद सीतापुर 2. सुभाष चौहान पुत्र राम लखन निवासी कण्डी जानकीनगर थाना रामपुर मथुरानगर जनपद सीतापुर की वांछित अभियुक्तों में पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

इन शातिर चोंरों से सोने चांदी के तमाम आभूषणों को बरामद करने में पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से कई घटनाओं का सफल अनावरण भी हुआ है इनके खिलाफ विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कई मुकदमे भी पंजीकृत हैं। इनका बहुत बड़ा आपराधिक इतिहास भी है। इन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में फतेहपुर कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह, उ0नि0 हरिश्चन्द्र ,उ0नि0 संजय यादव, उ0नि0 राजेश यादव,हे0का0 श्याम सिंह, हे0का0 अमित सिंह, हे0का0 बिन्द्रेश यादव,का0 सोनू सिंह, का0 आशिफ, का0 ऋषभ भदौरिया, का0 नीलेश कुमार स्वाट टीम से स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक अजय सिंह मय टीम। सर्विलांस सेल से सर्विलांस सेल प्रभारी उप निरीक्षक संजीव प्रकाश सिंह मयटीम का सफल एवं सराहनीय योगदान रहा।

संस्थापक सम्पादक-स्व0 कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट तरुणमित्र
हिन्दी दैनिक के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक - आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक- राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए आदर्श कुमार मरकजी प्रेस टकसाल अयोध्या से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित,
आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

भाकपा ने भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी भाजपा नामक पुस्तिका को किया प्रसारित

बाराबंकी। भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी भाजपा और सांप्रदायिक आधार पर संविधान विरुद्ध प्रचार करते हुए सुपरस्टार मोदी संविधान के विरुद्ध प्रचार करना और भ्रष्टाचार के अखंड में डूबे भाजपा का विरोध भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी करती है। मई दिवस के अवसर पर एक पुस्तिका भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी भाजपा को प्रसारित करते हुए पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा, कि मोदी के एन.डी.ए के घटक दल के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के ऊपर पाच साल के अंदर तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने वाले संसद का भी प्रचार, मोदी उसी तरीके से कर रहे हैं जिस तरीके से समाज के बड़े बलात्कारी व भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का काम भाजपा कर रही है।

वही पार्टी के सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि मई दिवस के दिन ही अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों के ऊपर फायरिंग कर हत्याएं कर दी गई थी। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा को हराकर ही देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाया जा सकता है। पार्टी के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि आम आदमी का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। मई दिवस के अवसर पर हम लोगों को शपथ लेकर भाजपा हराओ देश बचाओ के नारें के साथ कार्य करना होगा।

आबकारी दुकानों को बन्द करने के लिए आदेश जारी

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत चतुर्थ चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ.जा.) बहराइच में 13 मई 2024 तथा पंचम चरण में 20 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 (आंशिक) कैसरगंज में सम्पन्न होने मतदान तथा 04 जून 2024 को जनपद में सम्पन्न होने वाली मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्टेउ्ट/जिला निर्वाचन अधिकारी, बहराइच मोनिका रानी ने थोक एवं फुटकर बिक्री की समस्त आबकारी अनुज्ञापन (देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग, एफ.एल.-2, एफ.एल.-2बी, एफ.एल.-9/9ए, एफ.एल.-16/17, एफ.एल.-41 एवं एफ.एल.-49) दुकानों की बन्दी के सम्बन्ध में आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार बन्दी के दिवसों के लिए किसी भी अनुज्ञापी को कोई प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा। डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ.जा.) बहराइच अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच सदर, नानपारा, बलहा, मटेरा, महसी अन्तर्गत तथा 08 कि.

सांड ने किसान को पटककर मार डाला

ग्रामीणों ने अधिकारियों से कई बार की गई थी शिकायत

मिल्कीपुर। अयोध्या में खेत में जा रहे किसान पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। किसान भाग कर अपनी जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सांड ने पटककर मारना शुरू कर दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर पहुंचे आस-पास के लोगों ने उसे बचाया, लेकिन किसान की मौत हो गई। घटना थाना पटरंगा क्षेत्र के बजौली की है।

किसान रामनाथ पुत्र मैकूलाल (64) अपने खेत में जा रहे थे। तभी रास्ते मे ही उन पर एक सांड ने हमला कर दिया। सांड के हमले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मारकर भगाया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पटरंगा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस सांड को पकड़वाने के लिए कहा गया, लेकिन उनके द्वारा नहीं पकड़वाया गया। अब इसी सांड के हमले से किसान की मौत हो गई। अब देखो विभाग पकड़वाता है या ऐसे ही सांड को घूमने देता है।

मजदूर दिवस के अवसर पर शत प्रतिशत मतदान के लिए श्रमिकों ने ली शपथ

शुजागंज अयोध्या। डी.एस.एम.लायंस पब्लिक स्कूल, रौजागांव में मजदूर दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिहाड़ी मजदूरों को डिस्ट्रिक्ट स्वीप आइकॉन डा नेहाल रजा के निर्देशन में प्रिंसिपल डॉ भावना मिश्रा द्वारा मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान के ऑईकान डा निहाल रजा ने वर्चुअल माध्यम से श्रमिको को मतदान का महत्व बताते हुए कुछ इस तरह से अपने विचार व्यक्त किए कि सो जाते हैं फुटपाथ पे अख़बार बिछा कर मज़दूर कभी नींद की गोली नहीं खाते आज पहली मई है, आज का दिन श्रमिकों के त्याग परिश्रम एवं सारे विश्व के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी को समरण करने का दिन है पहला श्रमिक दिवस 1 मई 1890 को मनाया गया द्य आज से हम सब यह प्रण करें के मजदूर को उसकी मज़दूरी उसके पसीना सूखने से पहले अदा करदें, उन्हें कदापि लेबर कहकर संबोधित न करें, वो भी इंसान हैं, उन्हें उनका नाम लेकर पुकारें। महिला श्रमिकों का विशेष रूप से ध्यान रखें और उनका सम्मान करें। आज सारा देश श्रमिकों के परिश्रम और त्याग को याद कर रहा है, हम सभी लोग आपके साथ है। देश को मज़बूत, स्त्रमद्ध एवम् विकसित करने के लिए एक मज़बूत लोकतंत्र की आवश्यकता है। आपका एक वोट देश की तकदीर बदल सकता है। आइए हम सब प्रण करें अबकी बार इस चुनावी पर्व के अवसर पर 20 मई को शत प्रतिशत मतदान कर अयोध्या को नंबर वन बनाए । विद्यालय की चीफ एडवाइजर हुमा निहाल ने आए हुए सभी श्रमिक भाईयों को मिठाई खिलाकर व सूक्ष्म जलपान करवाकर उनका अभिनंदन किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

तीन नामांकन पत्रों का हुआ विक्रय

अंबेडकरनगर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के छठे चरण के अंतर्गत 55 अम्बेडकर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 01 मई 2024 को निर्धारित समय के अंदर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। 11.00 बजे से 3.00 बजे के मध्य कुल 3 नामांकन पत्र विक्रय किया गया , कोई भी इच्छुक अहर्य अभ्यर्थी नामांकन न्यायालय जिला अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट अंबेडकर नगर पर दिनांक 6 मई 2024 तक 11.00 बजे पूर्वाहन से 3.00 बजे अपराह्न के मध्य किसी भी दिन सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर कर सकता है।

अभी लू से राहत के आसार नहीं

अयोध्या। आ0न0दे0 कृषि एवं प्रौ0वि0वि0 कुमारगंज अयोध्या के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने एवं हवा सामान्य व सामान्य से तेज गति से पश्चिमी चलने की संभावना है जिससे अभी लू से राहत के आसार नहीं हैं। श्री मिश्र के अनुसार बुद्धवार का अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 18.0 डिग्री यह सामान्य से 5.0 डिग्री कम रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 69 व न्यूनतम 37 प्रतिशत रही। 8.9 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली।

तीन नफर अभियुक्त गिरफ्तार

सिकंदरपुर अंबेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधीयों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0 अकबपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 01.05.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 243/24 धारा-379/411 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1.शशिकान्त पुत्र कन्हैयालाल निवासी भूषण गली शहजादपुर थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर 2.मनोज प्रजापति पुत्र स्व0 कुण्डली नि0ग्रा0 काजीपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर 3.योगेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 पतिराम नि0ग्रा0 लोरपुर ताजन थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर को जमुनीपुर बाजार से समय करीब 10ः55 बजे एक अदद आयशर ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया ।

प्रचंड गर्मी पर भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह भारी, नामांकन जलूस में उमड़ा जनसमूह

अयोध्या। प्रचंड गर्मी पर भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह भारी पड़ा। रामकथा पार्क से निकलकर प्रेस क्लब तक पहुंचने वाले नामांकन जलूस के दौरान बढ़ा हुआ तापमान व तीव्र गति से चलती लू बेअसर दिखी। जयघोष करते भाजपा के कार्यकर्ता जलूस के आगे पैदल चल रहे थे। इसके बाद मोटरसाईकिल का काफिला व भाजपा के दो रथ चल रहे थे। एक रथ पर महंत कमलनयन दास, महंत मिथिलेश नंदनी शरण, आचार्य चित्रांशु, महंत मैथिली शरण, महंत वैदेही बल्लभ शरण दास, महंत परशुराम दास, जगदीश दास, मनीष दास, लोक सभा प्रभारी बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, दूसरे रथ पर पूर्व सांसद विनय कटियार, सांसद लल्लू सिंह, मंत्री दया शंकर सिंह, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, एमएलसी हरिओम पाण्डेय, विधायकों में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डा अमित सिंह चौहान, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू व गोरखनाथ बाबा सवार थे। जलूस के स्वागत के लिए कुछ-कुछ दूरी पर शिविर लगे हुए थे। जुलूस के पूर्व मार्ग पर दर्जनों स्थानों पर भाजपा के साथ विभिन्न संगठनों ने शिविर लगाए थे। जिसमें शरबत का वितरण किया जा रहा था। जलूस पर शिविर में खड़े लोगों द्वारा जय श्री राम के जयघोष के साथ जलूस पर पुष्पवर्षा कर रहे थे। नामांकन जलूस की व्यवस्था की जिम्मेदारी युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने सम्हाल रखी थी। जलूस के दौरान इस बात का ख्याल रखा जा रहा था कि मार्ग पर चलने वालों को जाम की वजह से कोई दिक्कत न आने पाये। जिसके लिए युवा मोर्चा के पदाधिकारी वाहनों को पास करा रहे थे। भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को उत्साहवर्धन करने के लिए जलूस में पैदल चल रहे थे। जलूस के आगे चल रहे डीजे पर भाजपा के सम्बंधित गीत बज रहे थे। नामांकन जलूस के दौरान सड़क की दोनां पटरियों पर खड़े लोग भाजपा के समर्थन में अपना हाथ उठा रहे थे। जगह-जगह लगे स्वागत शिविर में सुबह से स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा थे। जलूस के पहुंचते ही पुष्प वर्षा करके इसका स्वागत किया गया। गठबंधन की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल ,अपना दल, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी जलूस में शामिल हुए। नामांकन जुलूस में क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, जिपंअ रोली सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ता, मनमोहन जायसवाल, तेजेन्दर पाल सिंह टिंकल, मनोज श्रीवास्तव, अरूण तिवारी, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, करूणाकर पाण्डेय, राघवेन्द्र पाण्डेय, आलोक सिंह रोहित, मनोज जायसवाल, ब्लाक प्रमुख कप्तान सिंह, राजीव तिवारी, पवन सिंह, दिनेश वर्मा, सर्वजीत सिंह, अभिषेक सिंह, अशोक कसौंधन, रमापति पाण्डेय, शोभनाथ वर्मा, इं रणवीर सिंह, रमाकांत यादव, हृदयराम यादव, शम्भूनाथ सिंह दीपू, हर्षवर्धन सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, वरूण चौधरी, बालकृष्ण वैश्य, इंद्रभान सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल हुए।

नामांकन जुलूस में शामिल हुआ राष्ट्रीय लोकदल

नामांकन जुलूस में अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल व जिलाध्यक्ष बलराम यादव रहे मौजूद यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव संगठन प्रवक्ता रामशंकर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल अयोध्या के कार्यकर्ता नामांकन जुलूस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जुलूस में अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, युवा रालोद प्रदेश सचिव सुरजीत वर्मा, युवा रालोद महानगर अध्यक्ष अमित पाण्डेय,युवा रालोद नेता अजीत वर्मा, उदयभान वर्मा, अरविंद पासवान, सुरेंद्र कुमार,अजय विश्वकर्मा, विकास वर्मा, कैलाश कुमार, इन्द्रभान वर्मा, अभिषेक वर्मा,शिवम विश्वकर्मा, रिषभ वर्मा,आयुष वर्मा, भास्कर वर्मा,शनि वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

कलेक्टेट में सीएम धामी के साथ किया नामांकन

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के नामांकन में शामिल हुए। कलेक्टेट परिसर पहुंचे सीएम धामी के साथ भाजपा प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नामांकन जलूस में बड़े बुर्जगों, नवजवानों, माताओं-बहनों ने जिस प्रकार सड़को पर आकर घरों की छतों पर खड़े होकर अपना आर्शीवाद दिया है। लल्लू सिंह सांसद विधायक मंत्री के रूप में हमेशा सर्मपित भाव से काम किया हैं। अयोध्या अब पूरे विश्व का धाम बन रहा है। कार्यकर्ता, कारसेवक तथा नेता के रूप में उनका बड़ा योगदान रहा है। इस बार का चुनाव ऐतिहासिक होगा। देश और दुनिया में फिर से रामयुग आया है। पीएम मोदी की वजह से यह कालखंड़ तथा यह सौभाग्य हम सभी राम भक्तों को मिला है। फिर से रामयुग में आने का सौभाग्य मिला है।

नि :शुल्क प्याऊ लगाकर विद्यार्थियों ने चलाया मतदाता जागरूकता व सड़क सुरक्षा अभियान

आलापुर (अम्बेडकरनगर)। विश्व श्रमिक दिवस पर स्थानीय गांधी स्मारक इंटर कॉलेज,राजेसुल्तानपुर के विद्यार्थियों व शिक्षकों सहित पूरे स्टाफ ने नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के विभिन्न मार्गों पर नि:शुल्क प्याऊँ लगाते हुए वृहद स्तर पर सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।जिसकी पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। ज्ञातव्य है कि शिक्षण-अधिगम में जिले में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले उक्त कॉलेज द्वारा सदैव विभिन्न सामाजिक व पाठ्येत्तर क्रियाकलापों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया जाता रहा है।जिसके ही क्रम में विगत दिवस शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु बाइक रैली के आयोजन के पश्चात आज नि:शुल्क प्याऊँ लगाते हुए आम राहगीरों को रूह आब्जा व नींबू मिश्रित शर्बत पिलाते हुए आगामी 25 मई को सर्वप्रथम मतदान और उसके बाद अन्य आवश्यक कार्यों को करने हेतु जागरूक किया गया तथा मतदान के महत्त्वों को समझाया गया।इसीक्रम में बाइक तथा चौपहिया सवारों को हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट लगाने हेतु भी जागरूक किया गया। आज आयोजित मतदाता जागरूकता के अनूठे कार्यक्रम के बाबत प्रधानाचार्य कप्तान सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के अंदर समाजसेवा व राष्ट्रीय कर्तव्यों को पूर्णत: विकसित करने व आमजनों को जागरूक करने हेतु ऐसे कार्यक्रम विद्यालय समय समय पर आयोजित करता रहता है।जिसमें पूरे स्टाफ सहित सभी विद्यार्थियों की मनोयोगपूर्वक प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाती है। नि:शुल्क प्याऊँ कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवियों के साथ अन्य विद्यार्थियों व विद्यालय के शिक्षकों तथा अन्य कार्मिकों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया।

मोदी सरकार की योजनाएं हर किसी को बिना भेदभाव मिली : रितेश

भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय ने कश्मिरिया व सदरपुर मंडल के ब्राहिमपुर कुसुमा में लगाई चौपाल

टांडा अंबेडकरनगर। 55 लोकसभा 278 टांडा विधानसभा में सांसद व भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय का चौपाल कार्यक्रम टांडा के कश्मिरिया व सदरपुर मंडल के ब्राहिमपुर कुसुमा में संपन्न हुआ । जिसमे श्री पांडेय का स्वागत किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा अब मतदान 25 मई को है ।आप के द्वार पर विपक्ष के लोग जाएंगे । सरकार की नीतियों के प्रति झूठी अफवाहें फैलाएंगे आप लोगों को मोदी सरकार से जो जनकल्याणकारी योजनाएं मिल रही है वे उस पर ताला लगाना चाहते हैं। विपक्ष के लोग झूठे प्रचार कर रहे हैं कि संविधान खतरे में है यह विपक्ष की चाल है।

रितेश ने कहा ने कहा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जो दलितो, मजदूरो ,वंचितों गरीबों, को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है विपक्ष के लोगों से देखा नहीं जा रहा है इसलिए वह झूठी अफवाहें फैला रहे हैं आरोप लगाया कि सदरपुर टांडा का मेडिकल कॉलेज बन रहा था उस समय बड़े पैमाने पर मेडिकल कॉलेज में घोटाला कर मंत्री रहते हुए अपना कॉलेज का नर्सिंग होम बनवा रहे थे। उन्होंने जनता से अपील किया आने वाले 25 तारीख को अपना महत्वपूर्ण वोट भाजपा को दे और मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत के संकल्प मार्ग में अपनी अहम भूमिका अदा करें। कार्यक्रम में भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक रामसूरत मौर्या ने भी संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दो दान महत्वपूर्ण होता है एक दान कन्यादान होता है और दूसरा मतदान होता है आप अपना महत्वपूर्ण मतदान भाजपा की मोदी सरकार को देकर श्री रितेश पांडे को जिताकर दिल्ली भेजने का काम करें। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार में टांडा के अंदर महिलाएं माता बहने सुरक्षित नहीं महसूस कर रही थी। यह परिवर्तन भाजपा की सरकार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टांडा विधानसभा संयोजक रमेश चंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक संजू देवी, श्रम प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक राम सूरत मौर्य, टांडा विधानसभा मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, गोंडा के ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष टांडा तेजस्वी जायसवाल, सदरपुर मंडल अध्यक्ष रामधनी वर्मा, राकेश यादव, मनोज यादव, शक्ति केंद्र संयोजक रामजन्म वर्मा, कश्मीरिया सभासद पुष्पा देवी, नीलकमल, बूथ अध्यक्ष अनूप पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक राकेश कुमार, बूथ अध्यक्ष राहुल चौरसिया, राकेश, विजय कुमार, अशोक विश्वकर्मा, गुड्डू प्रधान,आशीष सोनी, दुर्गेश पाठक, अमित पांडे, मनोज साहू, घनश्याम यादव, फूलचंद यादव, सतीश जायसवाल, राहुल रमन, रोहित गोडसे महिलाओं में ज्योति सिंह, निर्मला देवी, मंजू, अंजली सहित सहित तमाम कार्यकर्ता और लोग मौजूद रहे।

मवई थाना क्षेत्र में स्थायी निगरानी टीम ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

रुदौली(अयोध्या)। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए तैयारियों में जुटा हुआ है। जहां प्रशासनिक अधिकारी मतदान केंद्रों पर दौरा कर व्यवस्थाओं को पूरा कराने में लगे हुए हैं,तो वहीं पुलिस भी उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का पालन कराए जाने के लिए आने वाले वाहनों की चेकिंग कर तलाशी ले रही है। इसी क्रम में बुधवार को रुदौली विधानसभा में पुलिस ने सीमाओं पर तैनात स्स्ज्ञ टीम (स्थायी निगरानी टीम) के मजिस्ट्रेट दुर्गेश गुप्ता(मजिस्ट्रेट स्थाई निगरानी टीम मवई) उपनिरीक्षक वक्त बहादुर सिंह कांस्टेबल उमेश कुमार यादव व महिला कांस्टेबल नीतू सिंह ने मवई चौराहे पर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग और तलाशी के लिए संघन अभियान चलाया।

इस दौरान टीम ने कार व अन्य बड़े वाहनों की डिग्गियों व बोनटों को खुलवाकर तलाशी ली। वाहन चालकों से भी चुनावी समय में कोई भी ऐसा सामान जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो व चुनाव प्रचार सामग्री साथ लेकर ना चलने के लिए कहा गया। अचानक चले चेकिंग व तलाशी अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के क्रम में विभिन्न प्वाइंटों पर पुलिस ने वाहनों को रोक-रोक कर चेकिंग और तलाशी ली।

हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण 4 को

टाण्डा अमबेडकरनगर। उ0प्र0 राज्य हज समिति के आदेश पर अमबेडकर नगर जनपद से हज यात्रा पर जाने वालों का मदरसा मन्ज़रे हक़ टाण्डा जनपद अम्बेड़कर नगर में हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण दिनाँक 4 मई 2024 दिन शनिवार को प्रात: 10 बजे से प्रशिक्षण केन्द्र मदरसा मन्जरे हक टाण्डा में होगा । मदरसा मन्ज़रे हक़ के प्रबन्धक हाजी अशफ़ाक़ अहमद ने बताया कि जिसमें हज यात्रियों को ट्रेनिग दी जायेगी तथा टीका लगाया जायेगा उन्होंने कहा कि हज यात्रियों के लिये दोपहर के खाने का इन्तेजाम मदरसे की प्रबन्ध समिति द्वारा किया गया है। कहा कि सभी हज यात्री अपना कवर नं0 व एक फोटो साथ में लाये।

कथा की जोर-शोर से चल रही तैयारी

आलापुर अम्बेडकर नगर जनपद में स्थित नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में आने वाले बहु प्रसिद्ध मंदिर बुढ़िया मां के स्थान पर दिनांक 4 मई से श्रीमद् भागवत कथा एवं नवचंण्डी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जायेगा । क्षेत्र के बहुचर्चित कथावाचक रुद्राचार्य महाराज जी के मुखारविंद से क्षेत्र की जनता श्रीमद् भागवत कथा का अमृतपान करेगी । कथा 4 मई से 10 मई तक 6ः30 से 9ः30 तक चलेगी। 11 मई दिन शनिवार को हवन पूजन एवं भंण्डारा का भी आयोजन किया गया है ।

चाणक्य परिषद मनायेगी परशुराम जयंती

अयोध्या। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में संपन्न बैठक में आईपीएस बृजेश कुमार मिश्रा और सेवानिवृत्ति एडिशनल कमिश्नर इंद्रप्रकाश तिवारी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन महामन्त्री लषणधर त्रिपाठी ने किया। परिषद के कार्यकर्ता चुनाव ड्यूटी में धर्मेंद्र कुमार पांडे के दुखद मृत्यु के समाचार पर श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य अथिति आईपीएस बृजेश कुमार मिश्रा विशिष्ठ अतिथि इंद्र प्रकाश तिवारी सेवानिवृत्ति एडिशनल कमिश्नर जीएसटी रहे। आगामी 10मई को परशुराम जयंती श्री राम मंत्रार्थ मंडपम हनुमान गुफा के निकट अयोध्या धाम बाईपास रोड पर 10ः00 से मनाई जाएगी।उसी दिन दोराही कुआं राम कोट स्थित भगवान परशुराम भवन की आधारशिला रखी जाएगी। कार्यक्रम,मे डॉक्टर आर डी पांडेय, परमानन्द पाठक, करूणा शंकर त्रिपाठी,राजेंद्र प्रसाद मिश्र ,वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, यज्ञ नारायण चतुर्वेदी, चंद्रशेखर पांडे, बाबूराम पांडे ,उमाशंकर तिवारी, ,विनीत पांडे, गीता मिश्रा वर्तिका, वंदनापांडे ,कौशल किशोर मिश्रा, राम जी दुबे ,बिंदेश्वरी प्रसाद पांडे, देवेंद्र पांडे, राधेश्याम पांडे, राम तिलक पांडे, राम धीरज पांडे, पवन कुमार तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, सूर्यपाल पांडे, पंडित आशीष मिश्रा, देवी प्रसाद दुबे, विनोद तिवारी ,राजेंद्र प्रसाद तिवारी, ,कृष्ण कुमार तिवारी, पंचम कुमार तिवारी, देवमणि तिवारी, अशोक तिवारी, आकाश तिवारी ,आलोक कुमार मिश्रा ,जगन्नाथ पांडे ,विश्वनाथ त्रिपाठी ,ओमप्रकाश पांडे , हरिशचंद्र मिश्रा ,सदानंद पांडे, हेमंत मिश्रा, रविंद्र कुमार पांडे देवेंद्र पांडे सूर्यपाल पांडे सूर्यांश,आदि भारीसंख्या मे ब्राह्मण बन्धु उपस्थित रहे।

तरुणमित्र

गुरूवार, 02 मई 2024

संवत- 2081, वैशाख कृष्ण पक्ष.- 09

पहले धन्धा

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। इसकी एक वजह यह भी है कि भारत की घोषित यात्रा स्थगित करने के एक सप्ताह के अंदर चीन की यह अघोषित यात्रा हुई है। लेकिन, अगर मस्क की नजर से देखें तो यह एक कारोबारी की ऐसे मुल्क की यात्रा है, जहां उसे अपने डगमगाते व्यापार को संभालना है और जो उसकी कंपनी के लिए बड़ा बाजार रहा है।

काम की बात- पेइचिंग में मस्क ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह चीन के साथ सहयोग को बढ़ाना चाहते हैं। बदले में कियांग ने भरोसा दिया कि उनका बाजार विदेशी कंपनियों के लिए हमेशा खुला रहेगा। मस्क के अपने बिजनेस के लिए यह टेक्नॉलजी और चीन का बाजार, दोनों बेहद महत्वपूर्ण हैं। चीन इस समय ईवी का सबसे बड़ा मार्केट है और टेस्ला को चीनी कंपनियां से भरपूर टक्कर मिल रही है। मुकाबले में बने रहने के लिए टेस्ला ने अपनी कीमतें भी घटाई हैं। लेकिन, चीनी कंपनियों को पीछे छोड़ने के लिए अब टेस्ला को सेल्फ ड्राइविंग की तरफ बढ़ना होगा। इसके लिए जरूरी है कि वह चीनी सरकार से अपने लिए समर्थन हासिल करे। कोई औपचारिक घोषणा तो नहीं हुई है लेकिन मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि दोनों पक्षों में इस पर कोई महत्वपूर्ण सहमति बनी है। मस्क की यह चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे। बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरंट कंपनी को जो अल्टिमेटम दिया है, उससे उस पर बैन का खतरा मंडराने लगा है। यूक्रेन-रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं। टेस्ला के लिए चीन के महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। इसीलिए मस्क पर आरोप लगते रहे हैं कि पेइचिंग को लेकर उनका रवैया दोहरा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो पैमाना उन्होंने बाकी दुनिया के लिए बनाया है, उससे चीन को छूट दे दी है। हाल ही में एक्स पर फ्री स्पीच को लेकर वह ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट से टकरा गए। तब सवाल उठा कि मस्क को चीन नजर क्यों नहीं आता, जहां अभिव्यक्ति की आजादी जैसी कोई चीज नहीं। मस्क एक चतुर कारोबारी हैं। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां ईवी के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाए, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय ईवी बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीय बाजार की भविष्य की संभावनाओं की अनदेखी करना संभव नहीं होगा।

आखिर कब तक मजबूर रहेगा मजदूर

-रमेश सर्राफ धमोरा-

श्रमिक अपना श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करता है। यही कारण है कि पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसलिए यह दिन अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए है। इस प्रकार, यह समाज में उनके योगदान की सराहना करने और उसे पहचानने का एक विशेष दिन हैं। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम है सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मज़दूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना। महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है। बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने 'काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था। मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरुआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश केमजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं। बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

हमारे देश में आज सबसे ज्यादा काई प्रताड़ित व उपेक्षित है तो वो मजदूर वर्ग है। मजदूरो की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है। कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है। हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनाये। हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

रमेश सर्राफ धमोरा
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

महाराष्ट्र और मजदूर दिवस

आजादी के बाद लगभग एक दशक तक देश में उथल-पुथल चलती रही। कई छोटी-बड़ी रियासतों को भारतीय गणराज्य में शामिल किया गया। ब्रिटिश कालीन कई प्रोविंस का प्रांतों के रूप में पुनर्गठन हुआ। ठीक ऐसा ही आंदोलन सौराष्ट्र प्रांत को लेकर हुआ। उस समय सौराष्ट्र प्रांत के मुख्यमंत्री मोरारजी देसाई थे। मजदूरों और किसानों को एकजुट करके चल रहा संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन जब चरम पर पहुंचा तो उसे कुचलने के लिए तत्कालीन सरकार ने पूरी तैयारी कर ली। लेकिन एक समय ऐसा आया जब फ्लोरा फाउंटेन (हुतात्मा चौक) मैदान में 105आंदोलनकारियों को गोलियों से भून दिया गया। बस फिर क्या था उन जाबाजों की शहादत रंग लाई और सरकारी दमन के बावजूद सौराष्ट्र प्रांत 1 मई 1960 को दो हिस्सों में बंट गया। एक गुजरात और दूसरा महाराष्ट्र यहीं से अलगाव और बदलाव शुरू हुआ। यहां तक कि लोग बदले सरकारें बदली, शहर बदले, कस्बे बदले लोगों की जीवनशैली बदली, लेकिन नहीं बदली तो मजदूरों की स्थिति। जैसे किसी ने मजदूरों के माथे पर लिख दिया हो कि तेरी यही किस्मत है। बदन पर पसीना, आंखों में पानी लिए मजदूर की वही पुरानी कहानी आज भी है, जो सदियों पहले थी। आखिर मजदूर इतना मजबूर क्यों है? लड़ाइयां पहले लड़ी जाती थीं और मुकाम तक पहुंचती थीं, वे आज देखने को नहीं मिलती । मजदूरों के संघर्षों को रणनीतिक तरीके से ट्रेड यूनियनों के नेताओं को सरकारें और कंपनियों ने अपनी ओर कर लिया । यूनियन नेता मजदूरों के हितों के बजाए कंपनियों के हितों को तवज्जों देने लगे हैं। कभी फिल्मों, मीडिया और रंगमंचों पर दिखने वाली मजदूरों की कहानियां आज गायब है। लोगों ने उनसे किनारा कर लिया है और उन्हें छोड़ दिया किस्मत के सहारे जिनका न केवल आदोलनों में ही बल्कि मुंबई को बनाने, सजाने और सवारने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई किलोमीटर क्षेत्र में फैले कपड़ा मिल क्षेत्र के इर्द-गिर्द मिल कामगारों ने अपने घर बनाए। साथ ही साथ एक व्यवस्थित शहर को सजाने में भी अहम भूमिका अदा की। उस समय देश का मानचेस्टर कहा जानेवाला यह शहर इन्हीं मिलों और मिल कामगारों की बदौलत अपनी शान बनाए हुए था, लेकिन 80 के दशक में राजनीतिक उठापटक में मिल कामगारों पर कहर ढाना शुरू कर दिया। यहां यह समझना जरूरी है कि महाराष्ट्र के निर्माण के पहले से ही मुंबई के मिलों में कम्युनिस्टो की लालबावटा की यूनियनें छाई हुई थी। कहा तो यहां तक गया कि इसी लालबावटा को खत्म करने के लिए आगे चलकर एक पार्टी को सत्ताधारियों ने प्रमोट भी किया।उसका राजनीतिक कद तब तक इतना बड़ा नहीं था कि यह मुंबई की मिलों पर हावी हो सके। इसीलिए ट्रेड यूनियनों के बड़े नेताओं ने मुंबई की मिलों पर अपना दबदबा बनाने के लिए कई हथकंडे अपनाए।

ऐसे अनेक उदाहरण समाज में देखे जा सकते हैं जो मजदूर रहे तो उनके बच्चे भी मजदूर बने। कार्ल मार्क्स को मजदूरों का मसीहा मानने पर विवाद हो सकता है पर देश के बुद्धिमान लोगों को अब इस बात के लिए प्रयास करना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी में श्रम के प्रति रुझान बढ़े। यहां श्रम से हमारा स्पष्ट आशय अकुशल श्रम से है-जिसे छोटा काम भी कहा जा सकता है। कुशल श्रम से आशय इंजीनियरिंग, चिकित्सकीय तथा लिपिकीय सेवाओं से है जिनको करने को हर कोई लालायित है। अपने आसपास या साथ काम करने वाले श्रमजीवी को कभी असम्मानित या हेय दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। हर मनुष्य अपने लिए सम्मान चाहता है। दूसरी बात यह है कि श्रमजीवी मजदूरो के प्रति असम्माजनक व्यवहार से उनमें असंतोष और विद्रोह पनपता है जो कालांतर में समाज के लिए खतरनाक होता है। कभी ट्रेड यूनियनें अपने जुझारूपन के कारण पूरे देश में नया उत्साह एवं जोश भरती नजर आती थी। श्रीपाद डांगे इसके प्रतीक थे लेकिन उनकी विरासत को संभालनेवालों ने अपने अड़ियल रवैये के कारण लाखों मजदूरों के भविष्य को अंधेरे की ओर मोड़ दिया। मजदूर इन नेताओं और पूंजीपतियों के बीच पिसते रहे। नेताओं को तो रोटी की कमी नहीं थी, लेकिन मजदूर आत्महत्या, पलायन करने पर मजबूर हुए और टूटते चले गए। अमेरिका से शुरू हुई मजदूरों की लड़ाई। महाराष्ट्र के निर्माण के बाद लगभग 20 वर्षों तक ये मिल क्षेत्र पूरी तरह से आबाद थे। अस्सी के दशक में राजनेताओं और यूनियन लीडरों की आपसी महत्वकांक्षा ने मटियामेट कर दिया। एक बेहद संगठित तबका बिखरने लगा। लगभग 4 वर्ष तक चलने वाली मिल हड़ताल से मजदूर भूखमरी के कगार पर आ गए। मजदूर पूरी तरह से टूट चुके थे। वास्तव में कार्ल मार्क्स को भले ही मजदूरों का मसीहा कहा जाता हो लेकिन सच्चाई यह है कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का प्रारंभ अमेरिका से हुआ। मेहनतकश महाराष्ट्र के लोगों का सौभाग्य देखिए आज हम सभी महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस एक साथ मनाते आ रहे हैं। अर्थात महाराष्ट्र की धरती सचमुच में हर मजदूर की आत्मा है। महाराष्ट्र की दरियादिली और महानता का पता इस बात से चलता है कि जब देश के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को उनके अंतिम समय में रहने के लिए घर नहीं था ,तब तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार ने उनके निवास की व्यवस्था की थी। वास्तव में वे ही थे जो मराठी भाषियों पर गुजराती थोपना चाहते थे। वे महाराष्ट्र को अलग राज्य का दर्जा देने के प्रबल विरोधी थे। ऐसे में उनके लिए घर की व्यवस्था सचमुच मे महाराष्ट्र की महानता का प्रमाण है।

-चंद्रवीर बंशीधर यादव-
(लेखक महाराष्ट्र के सामाजिक चिंतक हैं।)

...आज का दिन...

मेष- समय सन्तोषजनक, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, आत्मीयजनों से सम्पर्क, धनागम का मार्ग प्रशस्त, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ, अध्यावसाय की ओर रुझान।

वृषभ- योजना का सुपरिणाम प्राप्त, उन्नति का प्रयास सार्थक, विवादास्पद मसला हल होने को, बौद्धिक क्षमता का विकास, कार्य क्षमता में वृद्धि, उल्लास का वातावरण।

मिथुन- समय निराशाजनक, बने-बनाये कार्यों में बाधा, आपसी सम्बन्धों में वैमनस्यता, प्रतियोगिता में असफलता, आय की तुलना में व्यय, अकेलेपन की अनुभूति।

कर्क- प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, किसी योजना का श्रीगणेश, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, आय के स्रोत।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरी नवयोजना की शुरुआत, मित्रों से विचार-विमर्श, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, मेल-मिलाप में रुचि, संभावित यात्रा सफल।

कन्या- सामयिक सिद्धि का प्रयास, सद्विचारों के उदय से आत्मिक शांति, परोपकार की भावना जागृत, आहार-विहार में नवीनता, वाहन से सुख, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

तुला- वैचारिक स्थिरता का अभाव, लापरवाही से नुकसान, व्यावसायिक हानि, समस्याओं से चिन्तित, पारिवारिक कलह, मन उदास, धन का अभाव, अशांति।

वृश्चिक- पुरुषार्थ के प्रति रुचि, आरोग्य सुख में उपस्थित व्यवधान समाप्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

धनु- योजना साकार होने की ओर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, उत्तरदायित्व का निर्वाह, जिन्दगी में महत्वपूर्ण घटना घटित, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मकर- आरोग्य सुख, आर्थिक व्यावसायिक सफलता, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, नवसम्पर्क का सुयोग, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति।

कुम्भ- अभीष्ट कार्यों में विफलता, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, आपसी सम्बन्धों में कटुता, पारिवारिक समस्याओं के चलते चिन्तित, धनागम में बाधा, यात्रा विफल।

मीन- उन्नति का सुअवसर, साहसिक प्रयास प्रगति पर, सद्विचारों का उदय, स्वजनों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, व्यक्तित्व का विकास।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

दैनिक तरुणमित्र — **41 साल पहले : 01 मई 1983**

पंतनगर विश्वविद्यालय चार केन्द्रों पर स्थापित

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल। पंत नगर विश्वविद्यालय उ0प्र0 के पश्चिमी तथा मध्य पश्चिमी- मैदानों और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 4 बड़े अनुसंधान केन्द्र स्थापित करेगा। ये केन्द्र कमश: गढ़वाल, रुहेलखण्ड, मुरादाबाद और मेरठ जिलों में लगभग 20 जिलों की जरुरतों को पूरा करने के लिए अनुसंधान करेगा। समाचार में कहा गया है कि इन बड़े अनुसंधान केन्द्रों का सम्बन्ध राज्य की विस्तार संस्थाओं से स्थापित किया जायेगा जिससे किसानों को जल्दसे जल्द विज्ञान सम्बन्धी जानकारी देने की व्यवस्था हो सके।

चन्दौली

मानव तस्करी सभ्य समाज के लिए अभिशाप : रेखा शर्मा

तरुणमित्र न्यूज़

डीडीयू नगर, चंदौली। मानव तस्करी सभ्य समाज के लिए अभिषाप है। मानव तस्करी रोकने के लिए सभी को मिल जुल कर काम करना होगा। राज्य और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियां, पुलिस, सामाजिक संगठन के सहयोग से इसे रोका जा सकता है। महिला आयोग इसके लिए पूरा जोर लगा रहा है। ये बातें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मंगलवार को बाकले प्रमोदशाला में मानव तस्कर रोक पर आयोजित कार्यशाला में कहीं। कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को मानव तस्करों की पहचान करने और रोक लगाने की सीख दी।

रेलवे बोर्ड नई दिल्ली और राष्ट्रीय महिला आयोग क बीच समझौता हुआ है। इसके तहत रेलवे सुरक्षा बल को मानव तस्करी रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी को देखते हुए मंगलवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग अवेयरनेश विषय पर कार्यशाला का आयोजन बाकले प्रमोदशाला में किया गया। कार्यशाला की शुरूआत मुख्य अतिथि रेखा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में पूर्व महानिदेशक एनडीआरएफ पीएम नायर ने मानव तस्कर रोकने के लिए सभी से एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। कहा कि इसके लिए जिला पुलिस, रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल को समन्वय बनाना होगा। यही नहीं जहां भी मानव तस्कर पकड़े जाते हैं उनका पूरा रिकार्ड एक मंच पर रखने का आह्वान किया। कहा कि इससे पूरे देश में एक साथ कार्रवाई हो सकती है। प्रदेश की डीजी रेणुका मिश्र ने बॉडी लैंग्वेज के माध्यम से तस्करों की पहचान करने के तरीके बताए। रेलवे सुरक्षा बल के अपर महानिदेशक एससी पाढ़ी ने कहा कि आरपीएफ रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के साथ ही मानव तस्करी रोकने पर काम कर रही है। अब इसे और गंभीरता से लिया जाएगा। एसपी चंदौली डॉ. अनिल कुमार ने भी मानव तस्करी रोकने पर बल दिया। कार्यशाला में मनोविज्ञानी गौरव गिल, देवलीना मुखर्जी, राज्य महिला आयोग की लीलावती ने भी विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत महानिरीक्षक सह प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार ने और धन्यवाद ज्ञापन वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने किया।

पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज़

चकिया, चंदौली। पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार के निर्देशन में, व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव के आदेशानुसार अपराधियों पर नियन्त्रण, और वारंटी अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी चकिया आशुतोष व थानाध्यक्ष अतुल कुमार द्वारा गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को थाना चकिया पर पंजीकृत कई धाराओं के अन्तर्गत गैंगेस्टर एक्ट से सम्बधित वांछित अभियुक्त रवि मौर्या पुत्र हरिद्वार मौर्या निवासी ग्राम सरैया थाना चकिया जनपद चन्दौली को उसरी मोड से समय लगभग 7.20 पर थानाध्यक्ष अतुल कुमार थाना चकिया हे. का. अरुण गिरी का. प्रदीप यादव के द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी कर अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है।

राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने बरामद की शराब

तरुणमित्र न्यूज़

डीडीयू नगर, चंदौली। राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने अलग अलग समय पर तस्करी कर ले जा रहे 16 हजार रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब बरामद की। रेलवे स्टेशन से बरामद शराब के साथ दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। लगातार चल रहे अभियान और शराब बरामदगी से तस्करों में खलबली मची है।

जीआरपी पीडीडीयू निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। तस्करों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह सवा आठ बजे रेलवे स्टेशन से सटे जीटीआर ब्रिज के समीप युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रंजन कुमार निवासी मौजीपुर, फतुहा पटना बिहार के पास से ट्रॉली बैग में 18 बोतल अंग्रेजी शराब और पिट्ठू बैग में से 32 टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ। बरामद शराब की कीमत 11,268 रुपये है। इसी

तरह दोपहर दा बजे प्लेटफार्म संख्या दो से अधेड़ जाकिर हुसैन निवासी बखरा, थाना सरैया, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार को गिरफ्तार किया। उसके पास से प्लास्टिक के झोले में 48 ट्रेटा पैक अंग्रेजी शराब रामद हुआ। बरामद शराब की कीमत 5,055 रुपये है।

बिटिया

अपना ही घर आगन छोड़ने की घड़ी हो गई,
देखों ना पापा मैं अब बड़ी हो गई,
बड़े नाजों से पालकर रखा जिसे इस घर में,
वो आज इस घर की ही अजनबी हो गई,
देखों ना पापा अब मैं बड़ी हो गई,
मोम से भी नाजुक थी जो गुड़िया आपकी,
न जाने कब काठ की कड़ी हो गई,
देखो ना पापा में बड़ी हो गई,
रास्ते में न लगे पांव में एक भी कंकड़,
इस लिए आपने फूल बिछाए,
पर पापा देखों ना आज,
मैं काटों पर चलकर भी खड़ी हो गई,
क्यू की पापा में बड़ी हो हो गई,
जिसकी एक छीक पर आप घर को सिर पर उठाते थे,
पर आज सिसकियां भरने पर भी कोई आहट नहीं,
क्यू पापा आखिर क्यू में बड़ी हो गई,
पापा मुझे छोटा ही रहने दो अपने आगन की कली,
मत भेजो वहा जहाँ मेरा होना ना होना कोई माईने नहीं,
देखा ना पापा आप कि फूलझड़ी,
अब देख ना पापा आप की फूलझड़ी अब आसुंओ की लड़ीं हो गई,
पापा क्यू में बड़ी हो गई,

सुचिता विश्वकर्मा

मतदाता जागरूकता सायकिल यात्रा सकुशल संपन्न

तरुणमित्र न्यूज़

डीडीयू नगर, चन्दौली। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय नगर उप जिलाधिकारी अधिकारी विराग पाण्डेय के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज पण्डित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया में मतदान जागरूकता साईकिल यात्रा निकाला गया जिसका एसडीएम विराग पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो नगर भ्रमण करते हुए जीटी रोड, कैलाशपुरी, रवि नगर, आर्य समाज मंदिर, सब्जी मंडी, लाठ नम्बर 2, गल्ला मंडी, धर्मशाला होते हुए अथा स्थान पर पहुंचकर विराम किया। पूरे साईकिल यात्रा की निगरानी और सुरक्षा निरज चतुर्वेदी नायब तहसीलदार पीडीडीयू नगर

कवच कुण्डल की भाती किया।

कार्यक्रम में नीरज चतुर्वेदी नायब तहसीलदार पीडीडीयू बच्चों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने हेतू बुलंद आवाज में नारा लगाते हुए लोगों को 1 जून को शत प्रतिशत मतदान के लिए समाज और अन्य सभी लोगों से अपील किया गया। इस दौरान पहले मतदान,फिर जलपान के स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया गया।

पराली जलायेंगे तो जा सकते हैं जेल, एक गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज़

डीडीयू नगर, चंदौली। अलीनगर थानाक्षेत्र के गुवास गांव निवासी एक व्यक्ति को पराली जलाने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है। पर्यावरण को क्षति न पहुँचे इस कारण पराली जलाने पर पूरी तरह रोक है। बावजूद इसके लगातार पराली जलाये जाने की शिकायतें मिलने पर एसपी डॉ अनिल कुमार के आदेश पर जनपद में पराली जलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाये जा रहे हैं।

इसी क्रम में अलीनगर प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय ने गुवास गांव में पराली जलाये जाने की सूचना मिलने पर मय पुलिस बल के साथ पहुँच कर फायर फाइटर को बुलाकर पहले बेकाबू हो रहे आग को बुझावाया। जांच पड़ताल में पता चला कि पराली जलाये जाने के कारण आसपास के खेत में खड़ी गेंहूँ की फसल भी जल गई। उन्होंने तत्काल पराली जलाने के आरोपी गुवास गांव निवासी सीताराम यादव पुत्र स्व.बसन्तु यादव को हिरासत में ले लिया और थाने ले आये। जहाँ उनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 278/ 285/ 188/ 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।एसपी डॉ अनिल कुमार ने एनजीटी के नियमों का पालन करते हुये सभी किसानों से पराली न जलाने की अपील की है साथ ही उन्होंने पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

खपरैल के घर में अचानक लगी आग' सारा सामान जलकर राख

तरूणमित्र न्यूज

नौगढ़'चंदौली। थाना क्षेत्र के ग्राम अमृतपुर में आग लगने से खपरैल के घर में रखा सारा सामान जल गया। अचानक आग लगने की घटना को लेकर जबतक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिसमें गाय के साथ बछड़ा भी झुलस गया। अमृतपुर में मंगलवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे खपरैल में रखा सामान जलकर राख हो गया। लपटें इतनी तेज थीं कि घर से कुछ भी सामान निकालने का मौका तक नहीं मिला। आग से एक गाय के साथ ही बकरी और बछड़ा भी झुलस गया। आग से तकरीबन एक लाख रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायत अमृतपुर में मंगलवार को विनोद चौहान के घर में दोपहर में

कानपुर में शिक्षक भर्ती घोटाले में 2 पर एक्शन

अपर शिक्षा निदेशक और संयुक्त शिक्षा निदेशक ने एक-एक बाबू को किया निलंबित

कानपुर। कानपुर में माध्यमिक शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में कार्रवाई का दौर अब शुरू हो गया है। प्रथम दृष्टया शिक्षकों की नियुक्ति से पहले उनका सत्यापन न करने वाले बाबुओं पर कार्रवाई की गई है। अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र तिवारी ने डीआईओएस-2 वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार को और संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने डीआईओएस 1 प्रधान सहायक राजन टंडन को निलंबित कर दिया है।अधिकारियों का कहना है, यदि सत्यापन किया जाता तो मामला वहीं पर पकड़ में आ जाता। आखिर इन लोगों ने सत्यापन क्यों नहीं किया? और किसके कहने पर बिना सत्यापन ही जॉइनिंग कराई? इस बिंदु पर जांच चल रही है। 20 अक्टूबर 2023 को डीआईओएस कानपुर कार्यालय को एडी माध्यमिक की ओर से एक मेल आया था। इस मेल में 9 शिक्षकों को तैनाती कराने का आदेश था। डीआईओएस कार्यालय से बिना शिक्षकों का सत्यापन किए दो शिक्षकों को तैनाती भी दे दी गई। हालांकि बाकी की तैनाती की प्रक्रिया चल रही थी। इसमें से एक शिक्षक को मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज तो दूसरी शिक्षिका को आर्य कन्या इंटर कॉलेज में तैनात कर दिया गया। आर्यकन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने डीआईओएस कार्यालय में लेटर लिखकर कहा कि मेरे यहां पर शिक्षक के लिए पद खाली नहीं है। इसके बाद भी एडी माध्यमिक की ओर से शिक्षक को भेजा गया है। इस पर जब यहां से छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि इस तरह का कोई भी पत्र कानपुर कार्यालय को एडी माध्यमिक द्वारा नहीं भेजा गया है। फिर वहीं से इस खेल का खुलासा हो गया। पूर्व डीआईओएस फतेह बहादुर सिंह के कार्यकाल के दौरान यह पत्र ई-मेल में पर आया था। इसके बाद वहां पर किसी ने भी शिक्षकों का सत्यापन करना उचित नहीं समझा। आखिरकार सवाल यह उठता है कि बिना सत्यापन उन्हें ज्वाइन कैसे कराया गया। अधिकारियों ने उस समय इस पर किसी को रोका क्यों नहीं। चर्चा यह भी है कि यह काम किसी बड़े अधिकारी के इशारे पर ही किया गया है।डीआईओएस अरुण कुमार की तरफ से कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर बताया गया कि फर्जी ई-मेल आईडी के माध्यम से 9 शिक्षकों की भर्ती कराई गई है। असली जो मेल आईडी है वह admad-hyamik@gamil.com है और जिस आईडी से मेल आयी है वह admadhamik® {@ gamil.com है। कर्नलगंज पुलिस ने डीआईओएस अरुण कुमार की तहरीर पर वाराणसी की रिक्षा पांडेय, मिर्जापुर की विनीता देवी, प्रयागराज के विनय सिंह, मेरठ के विनीत चौधरी चौहान, सीतापुर के अरविंद सिंह यादव, प्रयागराज की स्वाति द्विवेदी, मिर्जापुर के आशीष कुमार पांडेय, मुजफ्फरनगर के नितिन कुमार, मेरठ की ज्योति यादव पर मुकदमा दर्ज किया है।

उनकी तलाश में पुलिस ने छापेमारी भी शुरू कर दी है। पुलिस शिक्षा विभाग की मदद से उनके दस्तावेज खंगाल रही है। हालांकि जिन शिक्षकों का मोबाइल नंबर पुलिस के हाथ लगा है वह सभी बंद जा रहे हैं। हालांकि जिस फर्जी मेल आईडी से डीआईओएस कार्यालय में 9 शिक्षकों की तैनाती के लिए पत्र भेजा गया था, वह आईडी अब ब्लॉक कर दी गई है। पुलिस उस मेल आईडी को बनाने वाले की तलाश कर रही है। पुलिस का मानना है कि मेल आईडी किसने बनाई और कहां से मेल की यह सब पता चलने के बाद मामले से पर्दाफाश हो सकेगा। इधर डीआईओएस अरुण कुमार का कहना है कि कर्नलगंज पुलिस को सारे दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं और भी जो उन्हें कागज की जरूरत पड़ेगी वह उपलब्ध कराए जाएंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कथित शिक्षक की गिरफ्तारी के बाद ही उनसे आगे का कुछ मामला पता चल सकेगा।

दैवीय आपदा प्रबंधन ने पशुधन हित किया माफ

गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने बताया है कि जनपद में दैवीय आपदा को दृष्टिगत रखते हुए सूखा/बाढ़ प्रबंधन के अन्तर्गत पशुपालकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालको से पशुओं की चिकित्सा/उपचार उपरान्त ली जाने वाली लेवी बड़े पशु रू0. 5.00 एवं छोटे पशु रू0. 2.00 प्रति पशु को पशुधन हित में 31 मार्च 2025 तक नि:शुल्क/माफ किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

सीवर में उतरे 2 कर्मचारियों की मौत

लखनऊ। लखनऊ के वजीरगंज में सीवर सफाई के दौरान दो कर्मचारियों की दम घुटने से मौत हो गई। हादसा शहीद स्मारक के सामने हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस, जलकल और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। 1 घंटे से ज्यादा देर तक सफाई कर्मचारी सीवर में ही फंसे रहे। दोनों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। एक कर्मचारी को बलरामपुर अस्पताल और दूसरे को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां दोनों की मौत हो गई। बलरामपुर अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. पवन अरुण के मुताबिक एक मजदूर को मृत हालत में लाया गया था। उसकी उम्र करीब 50 साल थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की है।मुख्य अग्निशमन अधिकारी (CFO) मंगेश कुमार के अनुसार आज दोपहर लगभग 4.02 मिनट पर वजीरगंज फायर स्टेशन में फोन आया था। सूचना मिली कि रेजिडेंसी के पास सीवर लाइन में दो सफाईकर्मी गिर गए हैं। जिसके बाद फौरन मौके पर एक टीम को रेस्क्यू के लिए भेजा गया। मौके पर दो लोग सीवर लाइन में बेहोश पाए गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों गैस सूंघने के कारण बेहोश हुए थे। जिसके बाद अंदर गैस के प्रभाव को खत्म करने के लिए पानी डाला गया। उसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

स्मैक व्यापार का भण्डाफोड़, चार गिरफ्तार

सिकंदरपुर अंबेडकरनगर। अपराध व अपराधियों के ऊपर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री डा0 कौस्तुभ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री सुरेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आज दिनांक 01/05/2024 को मु0अ0सं0--117/24 धारा 8/21 NPPS ACT से सम्बन्धित अभियुक्त गण 1. रामकेश पुत्र रामदेव उम्र 45 वर्ष निवासी वासुदेव नगर किछौछा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर ,2. अनीस कुमार पुत्र स्व0 जगमोहन उम्र 28 वर्ष निवासी जैनापुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर हालपता वासुदेव नगर किछौछा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर ,3. फकरे आलम पुत्र अलाउद्दीन उम्र 40 वर्ष निवासी दरगाह रसूलपुर थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर, 4. मो0 आलम पुत्र मो0 मुस्लिम उम्र 26 वर्ष निवासी चूंगी (दरगाह) किछौछा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के गोलपुर चौराहा से यादव चौराहा जाने वाली सड़क पर 100 कदम पर के पास से की गयी । स्मैक बरामदगी अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 60 लाख बताया जा रहा है। जो अवैध मादक सम्बन्धी पदार्थ के अभ्यस्थ अपराधी है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

डीएम ने निर्वाचन अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

गोरखपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन कार्यों की समीक्षा हेतु समस्त प्रभारी/अपर प्रभारी अधिकारियों की बैठक विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अब तक के कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि निर्वाचन को शांतिप्रिय, स्वतंत्र एंव निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तथा उसकी सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से कार्यान्वयन कराने के लिए प्रभारी एवं अपर प्रभारी अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य समयबद्ध होता है अतएंव संबंधित प्रभारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ पूर्ण करें। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रेक्षक व्यवस्था के संबंध में समीक्षा के दौरान प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रेक्षकगणों हेतु लाइजनिंग अधिकारियों की डियूटी लगाकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। नियंत्रण कक्ष के संबंध में उन्होंने कहा कि पत्रों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से हो। बताया गया कि नियंत्रण कक्ष पूरी तरह क्रियाशील है। मतदान कर्मियों के संबंध में बताया गया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। द्वितीय चरण के प्रशिक्षण की प्रकिया शीघ्र प्रारम्भ की जायेगी। यातायात व्यवस्था के संबंध में बताया गया कि शत प्रतिशत वाहनों की उपलब्धता है। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारीयो को निर्देश दिया कि 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वोटर के मतदान के लिये उनसे फार्म 12डी प्राप्त किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि कोई भी आमजन जिनका नाम लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदाता सूची में नही है अथवा किसी कारणवश उनका नाम मतदाता सूची से कट गया है वे 4 मई 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते है। उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले कोई भी आमजन अपना नाम जोड़ने के लिये आवेदन कर सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ, सुपरवाईजर के वोटर हेल्प लाईन एप, भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करके अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते है। उन्होंने एएमएफ की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि बूथो पर छाया, एवं पेयजल आदि की पर्याप्त व्यवस्था रहें तथा मतदान केन्द्रो/बूथों पर बीएलओं का हेल्पडेक्स भी समय से बना लिया जाये। उन्होंने सभी को निर्देश दिया कि मतदान प्रतिशत बढाने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता के कार्यक्रम चलाया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी गण सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

चोरी की स्कूटी व चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सिकंदरपुर अंबेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-01.05.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-143/24 धारा-379 भादवि से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त अमरजीत उर्फ खल्ले पुत्र दयाराम निवासी सरैया थाना जैतपुर जनपद अम्बेडकरनगर को मुखबिर की सूचना पर जमालपुर चौराहे से 01 अदद नाजायज चाकू व ग्लैमर मोटर साइकिल जिसका चेचिस नम्बर MBLJ06 AMG9F08278 के साथ समय करीब 05.30 बजे गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त से कड़ाई से पूछ ताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया गया कि एक स्कूटी जिसे वह बनारस से चुराकर लाया था जिसे महिला प्रखण्ड रोड पर प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर के पूर्व तरफ झाडियो में छिपाकर रखा हुआ है गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर उक्त स्थान से स्कूटी होण्डा एक्टिवा ग्रे कलर जिस पर नम्बर प्लेट है UP-65-CD-9501 अंकित है । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 143/2024 धारा-379, में धारा-411, 465 भा0द0वि0 व 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। स्थानीय पुलिस द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

मेनगा गांधी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

सुलतानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती मेनका संजय गाँधी पत्नी स्व0 संजय गाँधी द्वारा नामांकन कक्ष, जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष 04 सेट में दाखिल किया गया। आज दूसरा नामांकन आजाद पार्टी से गिरीश लाल सुत राम लखन द्वारा 01 सेट में दाखिल किया गया। इस प्रकार नामांकन के तीसरे दिन तक कुल-03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन के तीसरे दिन नामांकन कक्ष से कुल-06 प्रत्याशियों द्वारा कुल-08 सेट नामांकन पत्र क्रय किये गये, जिसमें से सतक्रान्ति पार्टी से आकाश सिंह सुत सुभाष सिंह द्वारा 01 सेट, विश्वबन्धुत्व पार्टी से सुधीर कुमार सिंह सुत बब्बन सिंह द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशियों में राम करन निषाद सुत रूदला निषाद द्वारा 02 सेट, ओम प्रकाश अग्रहरी सुत शीतला प्रसाद द्वारा 02 सेट, सर्वेश वर्मा सुत रामसूरत वर्मा द्वारा 01 सेट, राजकुमार वर्मा सुत रामचन्द्र वर्मा द्वारा 01 सेट नामांकन पत्र क्रय किये गये। इस प्रकार नामांकन के तीसरे दिन तक कुल-29 राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा कुल-52 नामांकन पत्र क्रय किये गये।

एसडीएम ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

फूलपुर आजमगढ़ । फूलपुर नगर पंचायत में दृष्टि डिजिटल लाइब्रेरी का उदघाटन उप जिलाधिकारी श्यामप्रताप सिंह के द्वारा किया गया । इस दौरान आज के दौर डिजिटल लाइबेरी की उपयोगिता के बारे में चर्चा किया गया । फूलपुर नगर के पुरानी मिर्चा मंडी में दृष्टि डिजिटल लाइब्रेरी का उदघाटन उपजिलाधिकारी श्यामप्रताप सिंह के द्वारा किया गया । उपजिलाधिकारी श्यामप्रताप सिंह ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में लाइब्रेरी का बड़ा महत्व है । फूलपुर में डिजिटल लाइब्रेरी के हो जाने से प्रतियोगी छात्र छात्राओं को तैयारी के लिए यह सुविधा जरूरी था ,जो फूलपुर के लिए बरदान साबित होगा । इस अवसर पर उमाशंकर दिवाकर मिश्रा अखिलेश अनिल महेन्द गुप्ता विक्रम सिंह प्रीति पाण्डे शबेनूर सहित सैकड़ों की सख्या में उपस्थित रहे।

बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह कोर्ट से जमानत पर रिहा

लखनऊ। जौनपुर के बाहुबली और पूर्व सांसद धनंजय सिंह को आज जमानत पर जेल से रिहा कर दिया गया। उनकी पत्नी बसपा के टिकट पर जौनपुर से चुनाव लड़ रही हैं। धनंजय की रिहाई के बाद जौनपुर का चुनाव खासा दिलचस्प हो गया है। कुछ दिन पूर्व ही भाजपा समर्थक विधायक ने धनंजय को उत्तर भारत का सबसे बड़ा डॉन बताया था।प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और रंगदारी मामले में जौनपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने धनंजय सिंह को सात साल की सजा सुनाई है। उन्हें गत शनिवार को ही जौनपुर से बरेली जेल भेजा गया था। इस बीच सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धनंजय की जमानत मंजूर कर ली है और आज वह जेल से रिहा होकर अपनी पत्नी बसपा की प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी को चुनाव लड़ाने जौनपुर पहुंच गये। श्रीकला रेड्डी ने गत शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर धनंजय सिंह के हत्या की आशंका जताई थी। उन्होंने कहा था मेरे पति पर हमला कराया जा सकता है।

1990 में हाईस्कूल में पढ़ने के दौरान जौनपुर में एक पूर्व शिक्षक की हत्या में पहली बार धनंजय सिंह का नाम आया था। हालांकि पुलिस इस मामले में आरोप साबित नहीं कर पाई। यहीं से उन पर आपराधिक मामलों से जुड़े आरोप लगने शुरू हुए। 1992 में जौनपुर के तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज से बोर्ड की परीक्षा दे रहे धनंजय सिंह पर एक युवक की हत्या का आरोप लगा और परीक्षा के अंतिम तीन पेपर धनंजय सिंह ने पुलिस हिरासत में दिए।इंटर करने के बाद लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्नातक में प्रवेश के साथ ही छात्र राजनीति और सरकारी विभागों के टेंडर में वर्चस्व की होड़ में धनंजय सिंह का नाम कई गंभीर आपराधिक मामलों में जुड़ा। स्नातक पूरा करने के साथ-साथ हत्या की साजिश और प्रयास, लूट जैसे गंभीर मामलों से जुड़े आधा दर्जन मुकदमे लखनऊ के हसनगंज थाने में दर्ज हो गए।अपराध जगत में धनंजय सिंह का नाम तब तेजी से उभरा, जब 1997 में बसपा नेता मायावती के शासनकाल में बन रहे अंबेडकर पार्क से जुड़े लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर गोपाल शरण श्रीवास्तव की ठेकेदारी के विवाद में हत्या कर दी गई। इस मामले में धनंजय सिंह पर आरोप लगा और वह फरार हो गए। सरकार ने उन पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया।दो साल बाद 1999 में धनंजय सिंह ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, लेकिन इस दौरान उनका नाम 1997 में राजधानी के चर्चित लॉ मार्टिनियर कॉलेज के असिस्टेंट वॉर्डन फ्रेड्रिक गोम्स हत्याकांड और हसनगंज थाना क्षेत्र में हुए संतोष सिंह हत्याकांड में भी जुड़ा। उन पर लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्र नेता अनिल सिंह वीरू की हत्या की कोशिश जैसे आरोप भी लगे।कोर्ट में आत्मसमर्पण के बाद भी इंजीनियर हत्याकांड मामले में पुख्ता साक्ष्य न होने की वजह से धनंजय सिंह बरी हो गए। पुलिस ने इस हत्या के बाद फरार धनंजय और उनके तीन साथियों को 1998 में भदोही में एनकाउंटर में मार गिराने का दावा किया था। बाद में खुलासा हुआ कि मारे गए चारों युवक निर्दोष थे। इस प्रकरण में 22 पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ, जो अब भी जिला सत्र न्यायालय में लंबित है।भाजपा समर्थक अयोध्या की गोसाईंगंज सीट से विधायक अभय सिंह ने दो दिन पूर्व धनंजय सिंह को उत्तर भारत का सबसे बड़ा डॉन बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि धनंजय सिंह की वजह से ही लॉरेंस बिश्नोई ने उनपर हमला कराया था। बीते माह ही सरकार की ओर से अभय सिंह को वाई श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है।अभय सिंह का कहना है कि धनंजय सिंह के खिलाफ 2018 में हाईकोर्ट ने टिप्पणी की थी। जिसमें कहा था ऐसे व्यक्ति का जेल से बाहर रहना ठीक नहीं है। धनंजय को किसी तरह का खतरा नहीं है, बल्कि उससे लोगों को खतरा है।अभय सिंह ने कहा कि धनंजय सिंह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि लॉरेंस ने एनआईए की पूछताछ में इस बात की पुष्टि भी की है। उन्होंने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने कबूला है कि धनंजय सिंह उत्तर भारत में उसके लिए वसूली और रंगदारी का काम करता है।धनंजय सिंह ने पहली बार 2002 में रारी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीता। इसके बाद 2007 में उन्हें जेडीयू से टिकट मिला और वह विधानसभा पहुंचे, लेकिन 2008 में धनंजय सिंह जेडीयू छोड़कर बसपा में शामिल हो गए। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उन्हें जौनपुर से टिकट दिया और पहली बार धनंजय सिंह सांसद बनकर लोकसभा पहुंचे, लेकिन बसपा से उनके संबंध ज्यादा समय तक नहीं चले। मायावती ने 2011 में उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगाकर बाहर कर दिया। इसके बाद से धनंजय सिंह नेपथ्य में थे। इस बार जौनपुर सीट से धनंजय जेडीयू के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में हैं, लेकिन भाजपा ने जौनपुर सीट अपने खाते में ही रखी।भाजपा ने इस सीट पर महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा की जीत की राह में धंनजय रोड़ा बनेंगे। इंडिया गठबंधन से वहां बाबू सिंह कुशवाहा चुनाव लड़ रहे हैं। लड़ाई धनंजय की पत्नी और बाबू सिंह कुशवाहा के बीच ही मानी जा रही है। ऐसे में धनंजय के जेल से रिहा होने के बाद किसका पलड़ा भारी रहेगा यह 4 जून को ही पता चलेगा।बाहुबली धंनजय सिंह जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के बंसफा गांव के निवासी हैं। इनकी पत्नी श्रीकला सिंह वर्तमान में जौनपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। धनंजय सिंह का निजी जीवन भी काफी उथल-पुथल भरा रहा। उन्होंने तीन शादियां कीं। उनकी पहली पत्नी ने शादी के नौ महीने बाद ही आत्महत्या कर ली थी। दूसरी पत्नी डॉ जागृति सिंह घरेलू नौकरानी की हत्या के आरोप में नवंबर 2013 में गिरफ्तार हुई थीं। इस मामले में सबूत मिटाने के आरोप में धनंजय सिंह भी नामजद हुए थे। हालांकि बाद में जागृति से उनका तलाक हो गया।2017 में धनंजय सिंह ने दक्षिण भारत के एक बड़े कारोबारी परिवार निप्पो बैटरी से ताल्लुक रखने वालीं श्रीकला रेड्डी से तीसरी शादी रचाई। उनके पिता के जितेंदर रेड्डी 1969 में में तेलंगाना की कोदद सीट से विधायक रह चुके हैं। जबकि मां सरपंच हैं। श्रीकला की सम्पत्ति 700 करोड़ से अधिक है।

राजभाषा हिन्दी कार्यशाला का हुआ आयोजन

लखनऊ। केन्द्रीय संचार ब्यूरों, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार लखनऊ मे बुधवार प्रादेशिक कार्यालय के अधीन कार्यरत सभी इकाई प्रमुखों व कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओम प्रकाश, निदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, राजभाषा, लखनऊ ने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजय कुमार, अपर महानिदेशक व मनोज कुमार वर्मा, निदेशक व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह मौजूद रहे। इस कार्यशाला में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा इसके उत्तरोत्तर प्रयोग विषय पर मुख्य अतिथि ओम प्रकाश ने हिन्दी में कार्य करने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बताते हुए सरकारी कामकाज में हिन्दी का इस पर विस्तृत रूप से चर्चा की । मुख्य अतिथि ने सभी कार्यालयों में हिन्दी में कार्य करने व आकड़े कैसे बनाए जाए, पत्र तैयार तथा टिप्पणी व फाईलों पर कैसे, किस नियम के तहत कार्य किया जाए इस पर विस्तृत रूप से बताया तथा प्रतिभागियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जबाब दिया।इस कार्यशाला में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजय कुमार, अपर महानिदेशक ने कहा कि हिंदी हमारे कामकाज की भाषा है । जनता इसे पढ़ती, समझती एवं बोलती है। इसलिए इसका मानकीकरण कर इसे संचार के तौर पर प्रयोग करते हुए राजभाषा बनाया गया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। लेकिन हमें देखना होगा कि हिंदी के प्रयोग को लेकर हम कहाँ पिछड़ रहे है। साथ ही इस बात का भी चिंतन होना चाहिए कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग व् उपयोग का और विस्तार कैसे किया जाये।मनोज कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों को स्वागत करते हुए आज के कार्यक्रम की रूप-रेखा व परिचय कराते हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों व सभी प्रतिभागियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए निर्देशित किया तथा अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने पर प्रोत्साहित करने के लिए कहा। श्री वर्मा ने कहा कि हिंदी लिखना-बोलना हमारे लिये गर्व की बात है। भारत की सबसे अधिक बोले जाने वाली यह भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा के प्रति पूरे भारतवर्ष में जागरूकता फैलाने के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन समय समय पर किया जाता है । उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में ज्यादा से ज्यादा हिंदी का प्रयोग हो इस बात का ख्याल सभी को करना चाहिए।इस कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी /राजभाषा अधिकारी जय सिंह ने किया तथा कार्यक्रम की सफलता पर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए। इस अवसर पर कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों सहित सभी इकाईयों के इकाई प्रमुख मौजूद रहे।

पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमेठी। अमेठी में नामांकन प्रक्रिया लगातार जारी है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अमेठी कलेक्ट्रेट में प्रत्याशी अपना नामांकन कर रहे हैं। अमेठी लोकसभा 37 लोगों ने अब तक पर्चा खरीदा है, जिसमें भाजपा, सपा समेत कई क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों और निर्दलियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। आज बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह, निर्दलीय अजय कुमार, जनशक्ति समता पार्टी से दिनेश चंद्र मौर्य, संयोगवादी पार्टी शैलेन्द्र, समझदार पार्टी से संतराम ने नामांकन किया। अब तक 12 प्रत्याशियों द्वारा 14 सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। दरअसल 20 मई को पांचवे चरण में होने वाले मतदान को लेकर अमेठी में नामांकन प्रकिया और नामांकन पत्र खरीदने का सिलसिला लगातार जारी है। अब तक कुल 37 लोगों द्वारा 71 सेट में नामांकन पत्र खरीदा गया है। आज पांच प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से नन्हे सिंह, योगवादी पार्टी से शैलेन्द्र सिंह, समझदार पार्टी से संतराम, जनशक्ति समता पार्टी से दिनेश चंद्र मौर्य और निर्दलीय रामबरन यादव ने अपना नामांकन किया।

चारबाग डिपो पर मनाया गया श्रम दिवस, कर्मचारी नेता रूपेश कुमार ने पुष्प देकर बधाई दी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के चारबाग डिपों पर रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री रूपेश कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर परिवहन निगम के श्रमकर्ता चालकों, परिचालकों के साथ कर्मचारियों को पुष्प देकर मजदूर दिवस की बधाई दी। रूपेश कुमार ने वहां उपस्थित लोगों को मजदूर दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में मज़दूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है। कामगारों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस दिन मजदूरों के अधिकार दिलाने मजदूर संगठनों की एकता को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरूआत सबसे पहले अमेरिका में 1 मई 1886 को अमेरिका की मज़दूर यूनियनों ने काम का समय 8 घंटे से अधिक न रखे जाने के लिए हड़ताल की थी। उनकी मांगों को माना गया और काम का समय 8 घंटे निर्धारित किया गया। मजदूरा यूनियनों ने जीत की खुशी में एक मई को श्रम दिवस मनाना शुरू किया। रूपेश कुमार ने कहा कि भारत में श्रम दिवस की शुरूआत सबसे पहले चेन्नई में 1 मई 1923 को किया गया था। भारती मज़दूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में यह दिवस पहली मई को मनाया जाता है।

अच्छा प्रशासन ही अयोध्या को प्रसिद्धि दिला रहा : डॉ. हीरालाल

अयोध्या। अवध विवि व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में टूरिस्ट गाइड प्रोग्राम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिंचाई एवं जल संसाधन, उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सचिव डॉ0 हीरालाल रहे। उन्होंने प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छा गवर्नेंस का होना किसी भी स्थान को प्रसिद्धि प्रदान करता है। अयोध्या का अच्छा प्रशासन ही अयोध्या को प्रसिद्धि दिला रहा है। उन्होंने कहा कि गाइड का कार्य है कि प्रशासन के साथ मिलकर अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को अन्य लोगों तक पहुचाएं। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि गाइडिंग में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बहुत ही उपयोगिता है। टूरिस्ट गाइड जितने ही इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से जागरूक होंगे, उतने ही मांग बढ़ती जाएगी। प्रशासन के गाइड लाइन का अनुकरण करना होगा। अयोध्या की सुन्दर छवि बनाने का कार्य करें क्योंकि पहले वह व्यक्ति आप ही हैं जो किसी भी अतिथि से मिले उनमें फर्स्ट इम्प्रेशन डाल सकते है। कार्यक्रम में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को अयोध्या के पौराणिक स्थलों की जानकारी रखनी होगी।

अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

अयोध्या। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर ओआरएस कंस्ट्रक्शन एन्ड डेवेलोपेर्स अयोध्या ने श्रमिक सम्मान दिवस मनाया गया।रायबरेली मार्ग बाईपास परआयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानगर संघचालक विक्रमा प्रसाद के साथ भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह,भारतीय जनता पार्टी के छेत्रिय विदेश सम्पर्क विभाग ई रवि तिवारी, अरोग्य भारती के प्रान्त सहमंत्री डॉक्टर उपेंद्रमणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।महानगर संघचालक विक्रमा प्रसाद ने कहा उन लोगों के योगदान को याद करने और सम्मानित करने का अवसर है जो हमारे समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह दिन श्रमिकों के अधिकारों, जैसे कि सुरक्षित काम करने की स्थिति, उचित मजदूरी, काम के घंटे और सामाजिक सुरक्षा, के महत्व पर प्रकाश डालता है। मजदूर दिवस सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए एकजुट

होने का आह्वान करता है। यह दिन दुनिया भर के श्रमिकों को एकजुट करने और एक मजबूत आवाज बनाने का अवसर है।

भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने कहा ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों और श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए कटिबद्ध है एवं हर संभव प्रयास कर रही है। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा पहले से हीं श्रमिकों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ प्राप्त करने के लिए श्रमिकों को संबंधित विभाग में अपना निबंधन कराना है। इसके बाद जन्म से लेकर मृत्यु तक कई योजनाएं है। इसका लाभ श्रमिकों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को सम्मान दिया जाता है। भाजपा नेता ई रवि तिवारी ने कहा कि 1 मई की तारीख को पूरी दुनिया मजदूर/श्रमिक दिवस के रूप में मनाती है। ये दिवस दुनिया भर के मजदूरों की हक की आवाजों को बुलंद करने के मकसद से मनाया जाता है। दुनिया में इसे 1 मई 1889 तो वहीं, भारत में इस दिवस की शुरुआत सबसे पहले चेन्नई में साल 1923 में हुई थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार मजदूरों का सम्मान किया है। कई बार देखने को मिला है कि पीएम मोदी ने श्रमिकों पर फूल बरसाए और पैर भी धोए हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ खास मौकों के बारे में।साल 2019 में प्रयागराज में भव्य स्तर कुंभ का आयोजन किया गया था। डा. उपेंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा गया कि मानव सफलता के विकास में श्रम का काफी महत्व है। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण हेतु कई तरह की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है एवं उन्हीं में से एक है श्रमिक वर्ग का निबंधन कराना। साथ हीं उनके द्वारा श्रमिक वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य की जांच पर बल देते हुए कहा गया कि सरकार की मंशा है कि एक प्रयोगशाला बनाया जाय, ताकि उसके माध्यम से संगठित व असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के कार्य करने के स्थल की जांच कर रिपोर्ट तैयार किया जा सके एवं यह पता लगाया जा सके इन जगहों पर काम करने वाले श्रमिक किस तरह के बीमारी से ग्रसित है या ग्रसित हो सकते हैं। संचालन कर रहे ओआरएस कंस्ट्रक्शन एन्ड डेवेलोपेर्स के अध्यक्ष राजीव पाठक ने कहा इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के निर्माण में मजदूरों के योगदान को याद करना. उनके काम को सम्मानित करना है. मजदूर दिवस के दिन श्रमिकों के संघर्षों को याद किया जाता है. साथ ही, इस दिन को मनाने के पीछे का एक उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और इसके प्रति उन्हें जागरूक करना भी है। इस अवसर पर जिला संरक्षक भारतीय मजदूर संघ सत्यप्रकाश श्रीवास्तव,जिला सह मंत्री जे एन पांडेय,प्रचार मंत्री भारतीय मजदूर संघ व जिला सेवा प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी, प्रशांत पांडे,राजेंद्र त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता व मजदूर उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस बने डा. उत्तम कुमार

अयोध्या। जिला चिकित्सालय अयोध्या के प्रभारी सीएमएस रहे डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव मंगलवार को सेवानिवृत्ति हुए उन्होंने अस्पताल के ही एनेस्थीसिया डॉ उत्तम कुमार को प्रभारी सीएमएस का चार्ज सौंपा है। डॉक्टर उत्तम कुमार ने कहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप ही कार्य किया जाएगा मरीजों की भलाई के लिए बाहर की दवावों पर अंकुश लगाने का चिकित्सकों के साथ मीटिंग करूंगा। बुधवार को राष्ट्रपति के अयोध्या दर्शन कार्यक्रम एवं 5 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रोड शो को लेकर थोड़ी व्यस्तता रहेगी लेकिन मेरा पूरा जोर अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने एवं दलालों पर अंकुश लगाने पर होगा। उक्त अवसर पर अधीक्षक डॉक्टर विपिन कुमार वर्मा वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव डॉ एके सिन्हा डॉक्टर शिशिर श्रीवास्तव डॉक्टर नानक सरन डॉ. राजेश सिंह डॉ अनिल कुमार वर्मा डॉक्टर आर पी राय डॉक्टर पल्लवी श्रीवास्तव डॉ विजय हरि आर्य डॉक्टर वेद प्रकाश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

गर्मी और लू के प्रकोप के चलते अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

मिल्कीपुर-अयोध्या। लगातार बढ़ती गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं, चल रहे लू के थपेड़ो से मौसम काफी गर्म हो गया है,जिससे लोग उल्टी, दस्त व बुखार के शिकार हो रहे हैं। प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों में के ओपीडी में 15 दिन पहले की तुलना में इस समय 50 फीसदी मरीज उल्टी, दस्त व बुखार के ही आ रहे हैं। सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में दो दिनों से करीब 700 से 800 की ओपीडी हो रही है। जिसमें से 500 से 550 की नई ओपीडी, तथा 250 से 300 की पुरानी ओपीडी हो रही है। फिजिशियन डॉ अरविंद कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार ने बताया कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन दिनों ओपीडी में जो मरीज आ रहे हैं उनमें से 50 फीसदी मरीज उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित होते हैं। भीषण गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लू से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा है। डॉक्टर ने मरीजों को सलाह दे रहे है कि गर्मी में भोजन ताजा करें। पानी साफ-सुथरा पिए। बाजार की चीजों से परहेज करें। यदि धूप में निकाल रहे हैं तो धूप से बचाव के लिए छाता लेकर व गमछे से मुंह बांधकर चलें। पानी में शुद्धता नहीं है तो गर्मी में भी पानी उबालकर पीना चाहिए। इस मौसम में दूषित पानी की आशंका बढ़ जाती है। पानी में कीटनाशक आदि मिला हो तो उसे पीने से डायरिया, हैजा, टायफायड वगैरह हो सकता है। बच्चों को धूप में न निकले दे। यदि बाहर निकलना जरूरी हो तो पानी पीकर निकले। कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक सीता मिश्रा का कहना है कि तापमान कई दिनों से 40-41 डिग्री को पार कर 42 डिग्री पर पहुंच चुका है। इससे लोगों को घरों से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। आज का अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। जबकि सात किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चल रही है।

पीएम कुसुम योजना के तहत लगाये गये सोलर पम्प को चालू कराने के लिये भटक रहा लाभार्थी

सोहावल-अयोध्या। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना पीएम कुसुम के अंतर्गत किसानों का आवंटित किए गए सोलर पंप लगाए जाने के साथ ही दगा देने लगे हैं इन्हें लेकर पंजीकरण करने वाले लाभार्थी शिकायती पत्र लेकर दर-दर भटक रहे हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र के मुताबिक आरोप है कि नई योजना के तहत पंजीकरण पंजीकरण करा कर 5 एचपी का एसी सोलर पंप बुक किया था। पूरा भुगतान 131000 इंडियन बैंक की शाखा में जमा कर सोलर पंप की स्थापना कराई लेकिन किसान को एसी की जगह पर डीसी मोटर लगाकर सोलर पंप चालू करने का प्रयास किया गया जो कि असफल रहा। बीते 3 महीने से लाभार्थी दर-दर भटक रहा है। लेकिन योजना से जुड़े जिम्मेदारों के कानों पर जून तक नहीं रेंगी और आज तक किसान का सोलर पंप चालू नहीं हो सका है। 16 अप्रैल सन 2024 को दिए गए शिकायती पत्र के सम्बन्ध में पूछे जाने पर जिला कृषि अधिकारी बी के सिंह ने बताया कि लाभार्थी की शिकायत अभी प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर जांच और कार्रवाई दोनों होगी।

इंटरमीडियट परीक्षा में जिले की टापर्स को किया गया सम्मानित

मिल्कीपुर-अयोध्या। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा निवासी राकेश कुमार यादव की पुत्री एवं देवा इंटर कालेज उसरू अमौना में इंटरमीडिएट की छात्रा दीप शिखा ने बोर्ड परीक्षा में जनपद में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इसी विद्यालय में पढ़ने वाली राकेश कुमार की दूसरी बेटी श्रद्धा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का नाम ऊंचा किया है। दोनों बच्चों के परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय परिवार व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने बच्चों के घर पहुंच कर उन्हें सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। देवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय के अलावा परिषदीय स्कूलों में घुरेहटा संकुल के नोडल अधिकारी तुलसीराम, प्राथमिक शिक्षक संघ हैरिंग्टनगंज के ब्लॉक संयोजक बीरेंद्र दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष रंजित यादव, उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री रवीन्द्र वर्मा, शिक्षक अर्जुन यादव, योगेश यादव, अजय यादव, मनुजेश कुमार, प्रदीप कुमार, अनुराग प्रजापति, धनीराम चौरसिया आदि गणमान्य नागरिकों ने दोनों छात्राओं का सम्मान किया। इस अवसर पर सभी ने कहा कि यदि बालिकाओं को उचित मार्गदर्शन मिलता रहे तो वह एक दिन सफ़ल होकर परिवार को दोगुना सम्मान वापस करती हैं।

अभिभावक शिक्षक संघ की हुई बैठक

अयोध्या। एमएलएमएल इण्टर कालेज, अयोध्या अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष धनपत भारती की अध्यक्षता एवं मंत्री प्रभाकर सिंह के संचालन में सम्पन्न हुई। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व विद्यालय के प्रधानाचार्य जीतेन्द्र कुमार राव ने छात्रों के शैक्षिक उन्नयन, विद्यालय की साफ-सफाई, स्वच्छता एवं छात्र एवं विद्यालय का गुणात्मक विकास पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपेक्षा किया। अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षिक परिवेश, पठन-पाठन एवं छात्रों के बहुमुखी विकास पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अपना सहयोग दिए जाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कक्षा 10 व 12 के छात्रों को जो प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं उनको सम्मानित किया गया।

अवध विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की कड़ी निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुई। 28 विषयों की इस परीक्षा में 1498 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 955 की उपस्थिति रही। इसके अलावा लगभग 350 परीक्षार्थियों को यूजीसी पीएचडी गाइड लाइंस के अनुरूप परीक्षा से औपबंधित छूट प्रदान की गई है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र व पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रूख जमाल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा शुचिता के साथ सकुशल सम्पन्न हो गई। इस परीक्षा के लिए आवासीय परिसर के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, प्रचेता भवन व दीक्षा भवन को केन्द्र बनाया गया। केन्द्रों की परीक्षा केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की कड़ी निगरानी में सम्पन्न कराई गई। परीक्षा की शुचिता के लिए परीक्षार्थियों की सघन तलाशी कराई गई।

युवा महोत्सव 2024 के अन्तिम दिन सांस्कृतिक संध्या साकेत अभिव्यंजना का हुआ आयोजन

अयोध्या। का.सु. साकेत महाविद्यालय में चल रहे 'युवा महोत्सव 2024' के अन्तिम दिन सांस्कृतिक संध्या- 'साकेत अभिव्यंजना' जिसका विषय जहां कण कण में बसते राम का भव्य आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ विद्याबिंदु सिंह ,विशिष्ट अतिथि श्री राम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय , द्वितीय विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार सिंह निदेशक , राष्ट्रीय एटलस थेमीटिंग मानचित्र संगठन (नाटमो) कोलकाता थे। महाविद्यालय प्रबन्धतन्त्र के अध्यक्ष दीपकृष्ण वर्मा, मन्त्री आनन्द सिंहल और प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन और सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

महाविद्यालय गीत के पश्चात प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। प्राचार्य डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में सांस्कृतिक परिषद के सदस्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि रामचरितमानस सभी को सुलभ है, इसमें संत की वाणी है। जिसमें प्रत्येक मनुष्य उसमें गोता लगा सकता है। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी

छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री राम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर मंदिर नहीं है यह राष्ट्र मंदिर है ।राम भारत की आस्था हैं, राम भारत के आधार हैं ,राम भारत के विचार हैं। इसलिए हम सभी को अपनी चेतना को विस्तारित करना होगा। साथ ही राम से राष्ट्र तक अपने को समर्पित करना होगा। महाविद्यालय के इस वर्ष के युवा महोत्सव के विषय पर जन्मे अवध में राम, ठुमुक चलत रामचंद्र , सीता स्वयंवर , सीता हरण , सबरी प्रसंग (सामूहिक नृत्य नाटिका) पर छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य का मंचन बहुत ही सराहनीय रहा। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष दीपकृष्ण वर्मा , सचिव आनंद सिंघल, सदस्य निशीथ वर्मा, व अरविंद सिंघल की उपस्थिति ने महाविधालय परिवार का उत्साह बढ़ाया। समारोह में महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ जनार्दन उपाध्याय,डॉ राधेश्याम तिवारी ,डॉ अरुण कुमार तिवारी, बी एन के बी अकबरपुर की प्राचार्य प्रो सुचिता पांडे, परुइया आश्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो परेश पांडे, राजा राममोहन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रो मंजूषा मिश्रा,डॉ जैस राज शुक्ला, छात्र कल्याण अधिकारी प्रो बी0डी0 द्विवेदी, प्रो योगेंद्र त्रिपाठी, प्रो अशोक कुमार राय,प्रो शिव कुमार तिवारी,प्रो अशोक कुमार मिश्रा ,प्रो दीनानाथ सिंह,कैप्टन डॉ0 मनीष सिंह, प्रो प्रीति सिंह प्रो प्रणय त्रिपाठी, प्रो0 अनुराग मिश्र, प्रो0 कविता सिंह, ,डॉ0 उमापति, डा श्रीमती पूनम जोशी, डॉ0 कृष्ण कुमार पाल, , डॉ0 नीलम, डॉ0 शशि सिंह, डॉ0 ऋचा पाठक, , डॉ0 छाया, डॉ0 रीता सिंह, डा बी के सिंह,डा जन्मेजय तिवारी के साथ-साथ डॉ आदित्य प्रकाश दुबे ,डॉ विवेक सिंह व महाविद्यालय के लेखा विभाग से भूपेस्वर गुप्ता, संजय श्रीवास्तव ,राजेश मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, राकेश सिंह सहित सांस्कृतिक परिषद के समस्त सदस्य उपस्थित रहे उपस्थित थे। महाविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष प्रो अंजनी कुमार सिंह ने सभी का सम्मान किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम कण कण में बसते राम को शत प्रतिशतता को प्रदर्शित करता है। जिसमें रामस्तुति को नृत्य के द्वारा रामचरितमानस के विविध आयामों को एक निश्चित समय में, सरलता व मनमोहकता के साथ छात्र छात्रओ की प्रस्तुति सराहनीय रही। सांस्कृतिक परिषद की सचिव, डॉ सुरभि पाल ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों, अभिभावको, सांस्कृतिक परिषद के सदस्यों तथा कॉलेज के प्रत्येक सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुमधुर शास्त्री ने किया।

अवध विवि में प्रवेश के लिए शुरू हुआ आनलाइन आवेदन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवासीय परिसर के स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों व विश्वविद्यालय के संघटक राजकीय महाविद्यालयों के समस्त पाठ्यक्रमों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई। जिसकी अंतिम तिथि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 15 जून निर्धारित की गई है। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर इस आशय का पत्र कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र द्वारा 30 अप्रैल दिन मंगलवार को जारी कर दिया गया है। कुलसचिव ने बताया कि आवासीय परिसर व संघटक राजकीय महाविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रम एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ एमएड, बीपीएड व एमपीएड पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश के लिए आवेदन शुरू कर दिए गए है। जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। परिसर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्राप्त आवेदन-पत्रों के सापेक्ष काउंसिलिंग प्रक्रिया 20 जून से प्रारम्भ होगी। वहीं विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में एलएलबी, एलएलएम व एमएड एवं फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन 06 जुलाई को किया जाना प्रस्तावित है। वही इन पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा 15 जुलाई की जायेगी। विवि आवासीय परिसर के प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन शुरू कर दिए गए है। परिसर के पाठ्यक्रमों में आवेदन के सापेक्ष मेरिट के आधार पर प्रवेश लिया जायेगा। जिसकी काउंसिलिंग 20 जून से संबंधित पाठ्यक्रम के विभागों में कराई जायेगी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट आरएमएलएयू डॉट एसी डॉट इन पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की साइट पर जाकर स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट व संघटक राजकीय महाविद्यालयों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते है।

कोतवाल ने की लोगों से भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील

शुजागंज अयोध्या। रुदौली विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली रुदौली के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ग्राम बिड़हार में बैठक सम्पन्न हुई।

ग्राम पंचायत बिड़हार के पंचायत भवन में लगाई गई चौपाल में कोतवाल देवेन्द्र सिंह ने शीघ्र ही क्षेत्र में होने जा रहे सामान्य लोकसभा चुनाव में भयमुक्त होकर बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने के लिए चौपाल में आए हुए लोगों से कही। प्रभारी निरीक्षक ने कहा की मतदान के दौरान गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी सभी लोग निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान कराने में प्रशासन का सहयोग करें ।उन्होंने मतदाताओं से भय मुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। आयोजित चौपाल में एसआई राम औतार राम,प्रधान पति शिव करन पासवान, दया शंकर श्रीवास्तव, जियालाल, छोटे लाल, प्रदीप, मनोज तिवारी,भागीरथी तिवारी, चौकीदार दीपक कुमार तिवारी,सहित काफी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

ब्राइट कैरियर में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

सोहावल अयोध्या। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ऐसे छात्र छात्रा जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है ऐसे छात्र-छात्राओं को तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक वा प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का कुशल सचलन विद्यालय के अध्यापक सत्येंद्र प्रताप मिश्र के नेतृत्व में हुआ जिसमे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं वा उनके अभिभावकों ने अपने विचार वा विद्यालय द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। विद्यालय निदेशक ने अपने संबोधन में कहा की हमारा विद्यालय परिवार लगातार बच्चो को अच्छी शिक्षा तथा पाठ्य सहगामी क्रियायो की सुनिश्चितता के लिए प्रयत्नशील है , छात्र परीक्षा को दबाव में न लेकर एक चुनौती के रूप में मानेंगे और निरंतर प्रयत्नशील होकर तैयारी करेंगे तो निश्चित ही सफलता उनके कदम चूमेगी ।

अंत में बोर्ड परीक्षा में 90 त्न से अधिक अंक पाने वाले 30 से अधिक छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक वा प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मेघावी छात्र छात्राओं के अभिभावक वा विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

शाह गदा शाह के सालाना उर्स का हुआ समापन

सोहावल अयोध्या। तहसील क्षेत्र स्थित रौनाही स्थित हजरत शाह गदा शाह के मजार पर होने वाला तीन दिवसीय उर्स का 30 अप्रैल को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल शाने आलम साबरी व परवीन रंगीली कव्वाला के बीच शानदार जवाबी मुकाबला हुआ।शाम 8 बजे से शुरू हुए इस कव्वाली मुकाबले में दोनो फनकारों

ने अपने अपने फन से उर्स में आए हुए जायरीनों का दिल बाग बाग कर दिया।इस अवसर पर हाजी फिरोज खान गब्बर ने आए हुए कव्वालो का शुक्रिया अदा कर ढेर सारे नगद इनामों से हौसला अफजाई किया। मुख्य रूप से हाजी सरफराज खान,पूर्व ब्लाक प्रमुख फिरदौस खान,उबैद खान उर्फ सरदार,प्रधान खुर्शीद अहमद खान,शोएब खान,मेराज अहमद खान,नफीस खान,अशोक पासी,संजीव सिंह,शशांक सिंह,सुरेश सिंह, हाजी अफजाल खान,सलमान खान, तबरेज खान,गाजी अनवर खान आदि मौजूद रहे।

दर्जनों ग्राम प्रधानों ने ली भाजपा की सदस्यता

मिल्कीपुर-अयोध्या। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक गठजोड़ पूरी तरह से चरमोत्कर्ष पर है। इसी क्रम में हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र जिला पंचायत क्षेत्र द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य के पति सपा नेता रामसुंदर सरोज ने हैरिंगटनगंज ब्लाक क्षेत्र के भाजपा नेता संतोष सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम प्रधानो एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्हें पार्टी कार्यालय पर भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह एवं जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने पार्टी का झंडा थमाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर मौजूद हैरिंगटनगंज के वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष सिंह ने लोकसभा उम्मीदवार लल्लू सिंह को हैरिंगटनगंज ब्लॉक क्षेत्र सहित समूचे मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से भारी मतों के अंतर से लीड दिलाने की बात कही। इस मौके पर दर्जनों भाजपा नेता सहित तमाम ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

भाजपा के सभी वादे जुमला हुए साबित : दयानन्द शुक्ला

कांग्रेस नेता ने किया एक दर्जन गांवों में सघन जनसम्पर्क

रुदौली, (अयोध्या)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने बुधवार को रूदौली विधान सभा के लगभग एक दर्जन गांवों में सघन जनसम्पर्क कर इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद रावत के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।श्री शुक्ला ने ग्राम बसौढ़ी, शेरपुर, रतनपुर उमापुर, रेछ, रामपुर जनक, कसारी, अमराई गांव आदि गांवों में जाकर लोगों से मिलकर इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के पक्ष में मतदान करने की अपील की।श्री शुक्ला ने ग्रामीणों को बताया कि केंद्र में इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने पर गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रुपये मिलेंगे,युवाओं को रोजगार मिलेगा,किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा, मनरेगा मजदूरों को चार सौ रुपये मजदूरी मिलेगी।श्री शुक्ला ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दस साल में भाजपा सरकार ने जनता से किये गये एक भी वादे पूरे नहीं किये।उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने चुनाव के दौरान जनता से वादा किया था कि भाजपा सरकार बनने पर साल में दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे महंगाई और भ्रष्टाचार समाप्त कर देंगे विदेश से काला धन वापस लाकर सभी के खाते में 15 लाख जमा कर देंगे।श्री शुक्ला ने कहा कि न ही युवाओं को रोजगार मिला न ही महंगाई और भ्रष्टाचार समाप्त हुआ।इनके जनता से किये गये सभी वादे जुमला साबित हुए।श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा के नेता धार्मिक भावनाएं भड़का कर वोट हासिल करना चाहते हैं लेकिन जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है।अबकी बार भाजपा सरकार की विदाई तय है।इस अवसर पर पृथीपाल अवस्थी,पूर्व प्रधान हरिहर दत्त तिवारी, पूर्व प्रधान सुरेंद्र तिवारी, आदिनाथ मिश्रा, प्रताप बहादुर सिंह,राम कृष्ण मिश्रा, राम कृष्ण शुक्ला,दिलीप शुक्ला, दिनेश तिवारी,दिनेश मिश्रा, राम आशीष तिवारी, पवन शुक्ला, दयाशंकर पाठक,राकेश द्विवेदी, देश राज पांडेय, रामू पाठक,सतीप्रसाद रावत, माता बख्श सिंह,माया राम रावत,स